दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
वर्ष: 2 | अंक: 265 जयपुर, सोमवार, 04 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर



**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर जयपुर, कोटा और टोंक में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। धनखड़ सोमवार को विशेष विमान से दिल्ली से जयपुर पहुंचेंगे। वे महारानी कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप में "राष्ट्रीय उत्थान में महिलाओं की भागीदारी" विषय पर शिक्षकों-छात्राओं से संवाद करेंगे। जयपुर से उपराष्ट्रपति टोंक पहुंचेंगे जहां वे डिग्गी में श्री कल्याण रायजी मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद कोटा जाएंगे। कोटा के कार्यक्रमों के दौरान उनके साथ लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय कोयला, इस्पात और संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी भी उपस्थित रहेंगे।

### जिंबाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक का निधन



**हरारे।** जिंबाब्वे के पूर्व क्रिकेट कप्तान हीथ स्ट्रीक का लंबे समय तक कैंसर से जूझने के बाद रविवार को निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। स्ट्रीक की पत्नी नादिन ने फेसबुक पर लिखा, 'आज रविवार को तड़के मेरे जीवन के सबसे बड़े प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता को उनके घर से एंजिल्स के साथ ले जाया गया। वे घर में थे जहां अपने परिवार और निकटतम प्रियजनों के साथ अपने आखिरी दिन बिताना चाहते थे।'

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**मुख्यमंत्री का जोधपुर दौरे में ऐलान: कामधेनु पशु बीमा योजना में सरकार भरेगी प्रीमियम**

# पेट्रोल-डीजल में एक्साइज का पैसा लूट रहा केंद्र: गहलोत

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केन्द्र की भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के मामले में विपक्षी दलों को साथ में लेना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस कारण से केन्द्र की नीति पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जोधपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार पेट्रोल-डीजल में एक्साइज का पैसा लूट रही है। बदनाम राज्य सरकार होती है। लगातार एक्साइज बढ़ाकर केंद्र का हिस्सा बढ़ाया। राज्यों का रेवेन्यू में हिस्सा कम कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेता राजस्थान के पीछे पड़े हुए हैं। कभी जेपी नड्डा आ रहे हैं। कभी अमित शाह आ रहे हैं। कभी राजनाथ आएंगे। प्रधानमंत्री छह बार आ चुके हैं। आप राजस्थान के पीछे क्यों पड़े हुए हो? उन्होंने कहा कि यहां इतना अच्छा काम चल रहा है, लेकिन ये लोग सरकार भंग करने में लगे रहते हैं। केंद्र सरकार किसानों के कर्ज का वनटाइम सेटलमेंट, राजस्थान की तर्ज पर न्यूनतम 1,000 रुपए पेंशन और देश भर में 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए।

## बोले... भाजपा नेता पड़े राजस्थान के पीछे... नड्डा जाते हैं, तो शाह आते हैं



### कांग्रेस की योजनाओं का लाभ हर आदमी को

गहलोत ने कहा कि गांधीजी की भावना थी कि अंतिम व्यक्ति तक कांग्रेस की योजनाएं पहुंचें, हम वैसा ही काम कर रहे हैं। कांग्रेस की जो योजनाएं हैं, वो हर आदमी तक पहुंचा रहे हैं। हमने स्वास्थ्य को लेकर कानून बना दिया। हमने हर गली, हर छोटे से छोटे गांव में महंगाई राहत कैंप लगाए, जिनमें सबको को हमने राहत देने का काम किया।

### विपक्षी कर रहे हैं गाय के नाम पर राजनीति

गहलोत ने कहा कि आज देश भर में महंगाई चरम पर है। विपक्षी लोग गाय के नाम पर राजनीति करते हैं, लेकिन हम लोग गाय के लिए काम करते हैं। इनको शर्म आनी चाहिए, ये लोग बात करते हैं, काम नहीं। हमने गौ निदेशालय बनाया। इस बार 3,000 करोड़ रुपए दिए। हमने लंपी रोग को देखते हुए चालीस हजार रुपए प्रति पशु दिए। जिंदगी में वो काम किया, जिससे मेरे मतदाताओं को नीचा नहीं देखना पड़ा। गहलोत ने कहा कि भीलवाड़ा में 6 सितंबर को मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना का शुभारंभ होगा। इसमें राज्य सरकार ही पशुपालकों का प्रीमियम भरेगी।

### राजस्थान मॉडल को अमेरिका के चिकित्सकों ने सराहा

गहलोत ने कहा कि हमारे हेल्थ संबंधी कार्यों को अमेरिका के चिकित्सकों ने भी सराहा है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रदेश के चिकित्सकों ने बताया कि अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय मेडिकल कॉन्फ्रेंस के दौरान वहां के चिकित्सकों ने निशुल्क दवा, जांच और 25 लाख रुपए तक के मुफ्त उपचार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की तारीफ की है।

**शाह का विपक्षी दलों पर प्रहार**

# सनातन के विरुद्ध बोलेंगे उतने ही खत्म होते जाएंगे

## कोई लाल कपड़े में आता है तो गहलोत को दिखती है लाल डायरी

### प्रदेश में तुष्टीकरण की राजनीति के कारण असुरक्षा का माहौल

**बेधड़क | जयपुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए कहा कि लोग देश की संस्कृति, इतिहास और सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस (इंडिया गठबंधन) के दो प्रमुख दल डीएमके व कांग्रेस और इनके दो बड़े नेताओं के बेटे- एक पूर्व वित्त मंत्री का बेटा और एक तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का बेटा कह रहा है कि सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और कोरोना की तरह खत्म कर देना चाहिए। इन लोगों ने तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन धर्म को समाप्त करने की बात कही है।

शाह ने रविवार को डूंगरपुर जिले के बेणेश्वर धाम में भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरुआत के मौके पर कहा कि राहुल गांधी हिंदू संगठनों की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से करते हैं और कांग्रेस सरकार में गृह मंत्री हिंदू आतंकवाद की बात करते थे। इंडी एलायंस के नेता वोट बैंक की राजनीति और तुष्टीकरण की राजनीति करने के लिए किसी भी निचले स्तर पर जा सकते हैं, लेकिन उन्हें पता नहीं है कि जितना सनातन के खिलाफ वे बोलेंगे, उतना ही कम होते जाएंगे। अब इन लोगों ने सनातन धर्म के खिलाफ प्रलाप शुरू किया है। 2024 में ये लोग दूरबीन लेकर भी दिखाई नहीं पड़ेंगे।




### गहलोत जादूगर, प्रदेश से बिजली व रोजगार को गुम कर दिया

गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार ने पूरे राजस्थान में तुष्टीकरण की राजनीति करके असुरक्षा का वातावरण बनाया है। शाह ने मजाकिया लहजे में कहा कि मैंने सुना है कि गहलोत एक जादूगर हैं। हम लोग जादू देखते थे, तब कोई रूमाल गुम कर देता था तो कोई टोपी गुम कर देता था। गहलोत साहब ने राजस्थान से बिजली ही गुम कर दी है, स्वास्थ्य सेवा ही गुम कर दी है, रोजगार को गुम कर दिया और सुरक्षा को भी गुम कर दिया है। हमें खेल करने वाले जादूगर की जरूरत नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन में अच्छे परिवर्तन लाने वाले एक अच्छे मुख्यमंत्री की जरूरत है।

### देश संविधान के आधार पर चलेगा

गृह मंत्री ने कहा कि जिनके नेता ऐसे हो, जिनकी पार्टी ऐसी हो तो क्या किया जा सकता है? शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष कहते हैं कि मोदी जीतेंगे तो सनातन का राज आएगा। उन्हें मालूम होना चाहिए कि सनातन का राज दिल में है, उसे कोई हटा नहीं सकता है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि यह देश भारत के संविधान के आधार पर चलेगा।

### डायरी में करोड़ों का भ्रष्टाचार दर्ज

शाह ने कहा कि आजकल गहलोत को एक और तकलीफ हो गई है। जो कोई भी लाल कपड़े पहनकर आता है तो उन्हें लाल डायरी ही नजर आती है। लाल डायरी क्या है? लाल डायरी के अंदर गहलोत के करोड़ों के भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा है। उन्होंने दावा किया कि लाल डायरी में खनन विभाग के 66 हजार करोड़ के भ्रष्टाचार के कच्चे चिट्ठे हैं। उदय सागर झील के मामले में 2,000 करोड़ के भ्रष्टाचार का जिक्र है। शिक्षा मंत्री के ट्रांसफर-पोस्टिंग का जिक्र है। सचिवालय में 2.31 करोड़ और एक किलो सोना निकला, इसका जिक्र है। काली सिंध बांध के भ्रष्टाचार का जिक्र है और गरीबों के गेहूं और चावल में भ्रष्टाचार का जिक्र है।

## विराट ब्राह्मण महासंगम






*जयपुर। रामनिवास बाग में रविवार को देश भर से आए हजारों ब्राह्मण प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर समाज के लिए आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने की मांग उठी। प्रदेश के जलदाय मंत्री महेश जोशी संबोधित करते हुए।*

■ पेज 3 भी देखें फोटो: पंकज शर्मा

## टाउन हॉल कार्यक्रम...



# केजरीवाल और मान आज आएंगे जयपुर

**बेधड़क | जयपुर**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान सोमवार को प्रतापनगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में टाउन हॉल कार्यक्रम में शामिल होंगे। रविवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के बाद अब केजरीवाल और सरदार भगवंत मान जयपुर आ रहे हैं। वे राजस्थान की जनता को गारंटियां देंगे। 'आप' सरकार दिल्ली और पंजाब में लगातार जनहित के काम कर रही है। अब उसी उद्देश्य और सकारात्मक विचारों के साथ अरविंद केजरीवाल राजस्थान की जनता के बीच आ रहे हैं। वे जनता को ऐसी गारंटियां देंगे जो राजस्थान के लोगों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाने में अहम साबित होंगी।

### राजनाथ सिंह आज करेंगे तीसरी परिवर्तन यात्रा की शुरुआत



**जयपुर।** भाजपा की तीसरी परिवर्तन यात्रा सोमवार से रामदेवरा धार्मिक स्थल से शुरू होगी। जैसलमेर के पोकरण से शुरू होने वाली इस यात्रा की शुरुआत केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार राजनाथ सिंह सुबह 11:10 बजे जैसलमेर पहुंचेंगे। जहां से रामदेवरा के मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे और दोपहर 12:10 बजे मंदिर के पास से बीजेपी की परिवर्तन यात्रा में शिरकत कर आमसभा को संबोधित करेंगे।

**प्रधानमंत्री का पीटीआई-भाषा को दिया इंटरव्यू**

# जी20 की अध्यक्षता भारत को मिलने से पड़े कई सकारात्मक प्रभाव: मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया कथित रेवड़ी कल्चर का विरोध
- कहा... मुझे विश्वास है कि 2047 तक देश विकसित देशों में शामिल हो जाएगा
- पीएम ने स्पष्ट किया कि कश्मीर और अरुणाचल में क्यों रखी जी-20 बैठकें

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई-भाषा को दिए एक इंटरव्यू में कई मुद्दों पर खुलकर केंद्र सरकार का पक्ष रखा है। उन्होंने जी20 की अध्यक्षता भारत को मिलने का जिक्र करते हुए कहा कि इसके कई सकारात्मक प्रभाव पड़े हैं। हमारी जी20 अध्यक्षता ने यह मान्यता दी कि एक देश में महंगाई विरोधी नीतियां दूसरों को नुकसान नहीं पहुंचाती हैं। इसके साथ ही कथित रेवड़ी कल्चर का विरोध करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गैर-जिम्मेदार वित्तीय नीतियां लोकलुभावन अल्पकालिक राजनीतिक परिणाम दे सकते हैं, लेकिन लंबी अवधि में इसकी बड़ी सामाजिक और आर्थिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। पेश हैं साक्षात्कार के मुख्य अंश-



**Q भारत की अध्यक्षता के दौरान आपने जिस तरह से जी-20 को चर्चा का विषय बनाया और देश भर में उच्च-स्तरीय बैठकों के एक साल के कैलेंडर की योजना बनाई, उसकी आपके आलोचकों ने भी प्रशंसा की है। यह अभूतपूर्व था। आपने पूरे भारत में जी-20 बैठकों के प्रसार की इस अवधारणा की परिकल्पना कैसे की? इस रणनीति के पीछे तर्क क्या था?**

**A** भारत में अपने विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और शहरों में दुनिया का स्वागत करने, मेजबानी करने और जुड़ने की बहुत क्षमता है। दुर्भाग्य से अतीत में दिल्ली में विज्ञान भवन और उसके आसपास चीजों को ठीक करने का रवैया हुआ करता था। शायद इसलिए कि यह एक आसान तरीका था। या शायद इसलिए कि सत्ता में बैठे लोगों को देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों में इस तरह की योजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित करने के लिए विश्वास की कमी थी। मुझे अपने लोगों की क्षमताओं पर बहुत भरोसा है। मैं एक संगठनात्मक पृष्ठभूमि से आता हूं और जीवन के उस चरण के दौरान कई अनुभव हुए हैं, जिनसे मैंने बहुत कुछ सीखा है।

**Q हमारे कुछ पड़ोसियों ने कुछ बैठकों के आयोजन स्थलों पर आपत्ति जताई। पाकिस्तान और चीन की आपत्ति के बावजूद हमने कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में जी-20 में विदेशी नेताओं की मेजबानी करके क्या संदेश दिया?**

**A** मैं हैरान हूं कि पीटीआई-भाषा इस तरह का सवाल पूछ रही है। यदि हमने उन स्थानों पर बैठकें आयोजित करने से परहेज किया होता, तब इस तरह का सवाल वैध होता। हमारा देश इतना विशाल, सुंदर और विविधतापूर्ण है। जब जी-20 की बैठकें हो रही हैं, तो क्या यह स्वाभाविक नहीं है कि हमारे देश के हर हिस्से में बैठकें हो?

**Q आपने कहा है कि भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। 2047 के अमृतकाल वर्ष में आप भारत को कहां देखते हैं?**

**A** जिस तेजी से हमने एक दशक से भी कम समय में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पांच स्थानों की छलांग लगाई है, उसने इस तथ्य को व्यक्त किया है कि भारत का मतलब व्यापार है। मुझे विश्वास है कि 2047 तक हमारा देश विकसित देशों में शामिल हो जाएगा।

■ पेज 8 भी देखें

## जरूरी खबर

### सीएम से पदोन्नत IPS अधिकारियों ने की मुलाकात



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से रविवार को सीएमआर में आरपीएस से पदोन्नत होकर आईपीएस बने अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। गहलोत ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए समर्पण भाव के साथ कार्य करें। इस अवसर पर आईपीएस कृष्ण चंद, लक्ष्मण दास, राजेश कुमार यादव, हनुमान प्रसाद मीणा, राजेश कुमार कांवट, नरेन्द्र सिंह मीणा, रमेश मौर्य और राजेंद्र कुमार मीणा उपस्थित थे।

### आम आदमी पार्टी ने नियुक्त किए 14 प्रवक्ता

**जयपुर।** प्रदेश में आम आदमी पार्टी (आप) चुनावी मोड में है। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी ने रविवार को 14 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई। इनमें दीपक मिश्रा, प्रशांत जायसवाल, देवेन्द्र यादव, कीर्ति पाठक, अमित शर्मा, विजेंद्र सिंह डोटासरा, महेंद्र मीणा, चरण दास जाटव, अशोक भाटी, चंद्रमुखी रेप्स्वाल, अमित वर्मा, राधेश्याम उपाध्याय और राजश्री माथुर शामिल हैं। इधर पार्टी ने प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता के रूप में योगेन्द्र गुप्ता पर भरोसा जताया है। प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा कि प्रवक्ताओं की ज़िम्मेदारी है कि वे पुरजोर तरीके से पार्टी की नीतियों और विपक्षी दलों की जन विरोधी नीतियों को मीडिया व जनता के सामने रखे।

### ऊंटों की संख्या में गिरावट रोकने के लिए बैठक आज



**जयपुर।** ऊंटों की संख्या में आ रही गिरावट को रोकने तथा ऊंटपालन व्यवसाय को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार प्रमुख कदम उठाने जा रही है। इसके अलावा समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श एवं मंथन के लिए विभाग की ओर से एक दिवसीय बैठक का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। इधर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में ऊंटों की घटती हुई संख्या, ऊंटों के संरक्षण की नवीन योजनाओं, संरक्षित चरागाह का चिह्नीकरण, ऊंटपालकों के आजीविका कल्याणकारी योजनाएं आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

---

**भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर कांग्रेस हमलावर:** पीसीसी अध्यक्ष ने यात्रा को बताया पूरी तरह फेल

# भाजपा अपने नेताओं को नहीं कर पा रही एकजुट: डोटासरा

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी की ओर से राजस्थान में सत्ता परिवर्तन को लेकर निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा का आगाज हो चुका हैं। वहीं इस यात्रा को लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर हो गई हैं।

कांग्रेस के पदाधिकारी और विधायक लगातार भाजपा की इस यात्रा को लेकर जुबानी हमला बोल रहे हैं और इस यात्रा पर सवाल उठा रहे हैं। रविवार को भी पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी यात्रा को फेल बताया। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा और उनकी यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा पूरी तरह से फेल है।

भारतीय जनता पार्टी अपने नेताओं को एकजुट नहीं कर पा रही और जिस प्रकार से उनके ग्रुप बने हुए हैं वे ग्रुप प्रदेश की चिंता नहीं करके, विपक्ष की भूमिका नहीं निभाकर एक-दूसरे को नीचा दिखाने का काम कर रहे हैं। प्रदेश के भाजपा नेता अपना-अपना वर्चस्व दिखाने में जुटें हैं।

## वन नेशन, वन इलेक्शन पर बोले- भाजपा पूर्व राष्ट्रपति को राजनीति में धकेल रही

### यात्रा में नहीं जुटी भीड़: खाचरियावास



प्रताप सिंह खाचरियावास ने जयपुर में जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा पूरी तरह से फेल साबित हुई है। भाजपाइयों ने गंगापुर सिटी में सड़क पर बैठकर जो नाटक किया उसमें साफ दिख रहा है कि 50 से भी कम लोग परिवर्तन यात्रा में साथ चल रहे हैं। भाजपा ने महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार खत्म करने के मुद्दे, काला धन लाकर 15 लाख हर आदमी को देने का वादा और अच्छे दिन का वादा कहकर लोगों से वोट लिए थे, अब तो लोग केंद्र की सरकार से अच्छे दिन की बजाय पुराने दिन लौटने की हाथ जोड़कर विनती कर रहे हैं।

### भाजपा के पास प्रदेश में चेहरा नहीं



सीकर में मीडिया के सामने पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा कि भाजपा के पास प्रदेश में दमदार चहरा नहीं है। यह लोग प्रदेश का चुनाव ही मोदी के चेहरे के पर लड़ रहे हैं और मोदी का चेहरा अब जनता को भा नहीं रहा। क्योंकि पीएम ने जनता से जो वादे किए थे उन वादों पर सरकार खरा नहीं उतर पाए। डोटासरा ने कहा कि भाजपा को आभास हो गया है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलंगाना सहित 3 राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं बन रही हैं। इस आभास के तहत भाजपा एक नया स्पेशल सत्र बुलाकर क्या करना चाहती है और क्या नहीं करना चाहती। देश में पहली बार हो रहा है कि बिना कारण बताए स्पेशल सत्र बुलाया जा रहा है और छिपे हुए एजेंडे के तहत काम कर रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव हारने का डर: श्रीनिवास

यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने जोधपुर में कहा कि केंद्र सरकार की ओर वन नेशन, वन इलेक्शन पर कमेटी इसलिए बनाई गई है कि भाजपा को अभी हो रहे विधानसभा चुनाव हारने का डर है, इसीलिए यह शिगूफा लेकर आई है। इससे कुछ होने वाला नहीं है।

---

**ऑब्जर्वर मधुसूदन ने कॉर्डिनेटर्स को बांटे काम,** लिया फीडबैक

# गहलोत सरकार रिपीट होगी इसमें कोई शंका नहीं: मिस्त्री

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के मिशन रिपीट अभियान को लेकर विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त लोकसभा क्षेत्रवार पर्यवेक्षकों की बैठक रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वॉर रूम में हुई। वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 25 लोकसभा क्षेत्रवार नियुक्त पर्यवेक्षक शामिल हुए। इस दौरान मिस्त्री ने सभी पर्यवेक्षकों से ब्लॉक स्तर तक चुनाव के लिए की गईं संगठनात्मक तैयारियों का फीडबैक लिया।

उन्होंने चुनाव की तैयारियों के लिए रणनीति पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों के लिए निर्देश भी दिए गए। इस दौरान राजस्थान के 25 लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों ने एक-एक कर मधुसूदन मिस्त्री को फीडबैक दिया। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस के सीनियर ऑब्जर्वर मधुसूदन मिस्त्री ने दावा किया है कि सूबे में गहलोत सरकार रिपीट होगी, इसमें किसी को कोई शंका नहीं होनी चाहिए।

राजस्थान सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। जनता के बीच सरकार का अच्छा मैसेज है। उन्होंने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट होने जा रही है। इसमे किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। पूरी पार्टी जीत की जिद ठानकर मकसद हासिल करने में जुटी हैं। इस बार उनकी कोई नहीं सुनेगा। कांग्रेस की सरकार दूसरी बार बनेगी और एक इतिहास रचेगी। इसको लेकर किसी के मन में शंका हो तो निकाल दें।



### पीएम नरेंद्र मोदी को फेंकने की आदत

पीएम मोदी के लगातार राजस्थान दौरों को लेकर मिस्त्री ने कहा कि भाजपा नेता और पीएम नरेंद्र मोदी को फेंकने की आदत हैं। कर्नाटक और बंगाल चुनाव से पहले वे बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, लेकिन वहां क्या परिणाम आया यह सबको पता हैं। पिछली बार गुजरात में 100 सीट भी नहीं आई थी, इसलिए उनके कहे पर आप मत जाइए। वो जो कहते हैं, उन्हें कहने दो। कहता भी दीवाना, सुनता भी दीवाना है, इस बार कहता दीवाना है, सुनता दीवाना नहीं है।

### पर्यवेक्षक कमेटी को देंगे फीडबैक

राजस्थान में कांग्रेस की चुनावी तैयारियों की नब्ज टटोलने रविवार को जयपुर पहुंचे मिस्त्री ने कहा कि ऑब्जर्वर्स प्रत्याशी चयन में स्क्रीनिंग कमेटी को दावेदारों का फीडबैक देंगे। मिस्त्री ने कहा कि फीडबैक की पूरी छानबीन करेंगे। स्क्रीनिंग कमेटी कुछ पूछेगी तो उस पर काम करेंगे। दावेदारों को लेकर जो भी जानकारी मांगी जाएगी, उस पर ग्राउंड की रिपोर्ट जुटाकर स्क्रीनिंग कमेटी को सौपेंगे। मिस्त्री ने कहा कि हमारा सबसे बड़ा काम संगठन का है। पार्टी मोटिवेट हो और कार्यकर्ता में जोश का संचार हो। बैठक में कांग्रेस की ओर से नियुक्त कोर्डिनेटर्स को लोकसभा क्षेत्रवार कार्य विभाजित कर समन्वय की जिम्मेदारी दी गई। पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में आने वाली विधानसभा सीटों का दौरा किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष से लेकर कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की है। जिसने भी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है, उनका आवेदन पत्र लिया है। पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस कमेटी के कामकाज के तरीके का भी एसेसमेंट किया। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर बैठक में चर्चा की गई।

### ऑब्जर्वर के साथ लगाए 4 कॉर्डिनेटर

वहीं चार और कॉर्डिनेटर ऑब्जर्वर के साथ लगाए हैं जो विधानसभावार क्षेत्र का जायजा लेंगे। पहली हारी हुई सीटों पर आंकलन किया जा रहा है कि वहां क्यों हारे, कैसे हार मिली। उसे रेक्टीफाई किया जा रहा है। इस बैठक में ऑब्जर्वर शशिकांत सैंथिल, एआईसीसी द्वारा नियुक्त कोर्डिनेटर रंजीता रंजन, किरण चौधरी, डॉ. हरकसिंह रावत, शमशेर सिंह ढिल्लो, एससी-एसटी,ओबीसी और माइनॉरिटी विभाग के राष्ट्रीय संयोजक के. राजू और मधुसूदन मिस्त्री की सहायता के लिए नियुक्त बीपी सिंह, राजेन्द्र सिंह कुंपावत समेत 25 लोकसभा क्षेत्रों के पर्यवेक्षक शामिल हुए।

---

**तमिलनाडु सीएम पुत्र के बयान से बवाल**

# सृष्टि खत्म हो सकती है, सनातन कभी खत्म नहीं होगा: पूनियां



**बेधड़क** | जयपुर

तमिलनाडु मुख्यमंत्री के बेटे ने मच्छर और मलेरिया से सनातन धर्म की तुलना करने के बयान के बाद पूरे देश में बवाल मच गया हैं। प्रदेश के उपनेता प्रतिपक्ष और पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के बयान का पलटवार किया हैं।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया से करना और इसे खत्म करने की बात करना निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सृष्टि खत्म हो सकती है, लेकिन सनातन धर्म कभी खत्म नहीं होगा। इस तरीके के तात्कालिक संगठन, जुगाडू विचार खत्म हो सकते हैं, लेकिन सनातन का विचार, राष्ट्रवाद का विचार, हिंदुत्व का विचार कभी खत्म नहीं होगा। यह बात उनको समझनी चाहिए, उनका विचार खत्म हो सकता है, लेकिन सनातन का विचार कभी खत्म नहीं हो सकता।

पूनियां ने ज्यूडिशरी पर दिए सीएम अशोक गहलोत के बयान को लेकर कहा कि देश में तीन बड़े अंग हैं, जो संविधान की छाया में फलते फूलते हैं। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका। उनका अपना सम्मान है। उनका अपना स्थान भी है। इसलिए मुख्यमंत्री ने जो बयान दिया वो निंदनीय है।

---

**विश्वकर्मा महाकुंभ** में जुटे समाजबंधु

# विश्वकर्मा जयंती पर अवकाश और जातिगत अनुपात में मिले आरक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से रविवार को विद्याधर नगर स्टेडियम में विश्वकर्मा महाकुंभ का आयोजन किया गया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय हर्षवाल ने कहा कि समाज की हमेशा से ही उपेक्षा होती आई है।

सभी समाजों के जो देवी-देवता हैं उनके जन्मोत्सव के दिन सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में अवकाश रहता है, लेकिन जांगिड़ समाज के एकमात्र भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर एच्छिक अवकाश रहता है। राजस्थान सरकार से हमारी मांग है कि विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। जब तक सार्वजनिक अवकाश नहीं होगा, तब तक हम संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जयपुर में 50 बीघा जमीन और प्रत्येक जिलों में जमीन आवंटित की जाए, ताकि हमारे समाज के लिए भी हर जगह पर विश्वकर्मा कॉलेज, हॉस्पिटल, लाइब्रेरी, हॉस्टल, बनाए जा सके। हर्षवाल ने कहा कि हम लोग ओबीसी में आते हैं, लेकिन ओबीसी आरक्षण का फायदा हमारे समाज बंधुओं को नहीं मिलता।



ओबीसी का वर्गीकरण कर समाज को जातिगत अनुपात में इसका फायदा दिया जाना चाहिए, ताकि बच्चों का भविष्य बन सके।

---

**लीडरशिप डेवलपमेंट** मिशन पर फोकस

# कांग्रेस एससी-एसटी, ओबीसी और माइनॉरिटी विभाग की हुई बैठक

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस एससी-एसटी, ओबीसी और माइनॉरिटी विभाग के राष्ट्रीय संयोजक के.राजू ने लीडरशिप डवलपमेंट मिशन के विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्त को-ऑर्डिनेटर्स की भी बैठक ली।

इस दौरान विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्त एलडीएम को-ऑर्डिनेटर्स को चुनाव की तैयारियों को लेकर निर्देश दिए गए। इसमें बैठक में प्रदेश की 59 आरक्षित सीटों पर विशेष फोकस किया गया हैं। इसी के तहत के. राजू ने जयपुर में बैठक ली। इस दौरान संयोजक के. राजू ने कहा कि ऑब्जर्वर को क्षेत्र में जाकर ट्यूर करना है। लोगों को सुविधाओं और योजनाओं के बारे में बताना हैं।



बूथ स्तर पर जाकर काम करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सत्ता परिवर्तन होता था, लेकिन इस बार रिवाज बदलेगा और कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी। उन्होंने कैंडिडेट चयन के लिए प्रक्रिया जारी है। वहीं राजेश लिलोटिया ने कहा कि प्रदेश के 200 विधानसभा को कैसे जीते उसको लेकर चर्चा हुई।

इसमें भी 59 आरक्षित सीटों को कांग्रेस के पक्ष में लेने को लेकर खास विचार-विमर्श किया गया। इसके लिए रणनीति बनाई जा रही है, ताकि गांव स्तर तक कांग्रेस के लीडरशिप प्रोग्राम पहुंचे और बेहतर कैंडिडेटनिकल कर आए।

---

**परिवर्तन यात्रा में कांग्रेस पर निशाना**

# जब बिजली ही नहीं, तो गहलोत सरकार का फ्री देने क्या फायदा: राजे

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को डूंगरपुर से भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। पहली परिवर्तन संकल्प यात्रा को शनिवार को सवाई माधोपुर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रवाना किया था। शाह ने बेणेश्वर धाम स्थित राधा कृष्ण मंदिर में दर्शन किए और महंत अच्युतानंद महाराज से धाम को लेकर चर्चा की।

इस यात्रा से भाजपा आदिवासी अंचल की 28 सीटों का दौरा करेगी। माना जाता है कि वागड़ और मेवाड़ की इन सीटों पर जिस पार्टी ने भी जीत हासिल की है, राजस्थान में उसी की सरकार बनी हैं। इस अवसर जनसभा भी हुई। इसमें भाजपा के नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने सभा में सीएम अशोक गहलोत को आड़े हाथों लिया। राजे ने कहा कि इस सरकार की फ्री बिजली की घोषणा निराधार हैं। जब लोगों को गांव में बिजली मिल ही नहीं रही है तो फ्री करने का किसे और क्या फायदा होगा। उन्होंने प्रतापगढ़ में महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का मामला उठाते हुए कहा कि इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए भाजपा की सरकार बनानी होगी।



### 2023 में खिलेगा कमल, कन्हैया के हत्यारों को होगी फांसी: जोशी

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में एक झूठा कॉन्टेस्ट चला रही है। मेवाड़ में एक कांग्रेस की सीट बताओ जहां से कोई व्यक्ति एक लाख रुपए जीता हो। यदि गृह मंत्री अमित शाह एएनआई की टीम नहीं भेजते तो कन्हैयालाल की हत्या के अपराधियों को पकड़ने का काम नहीं होता, लेकिन दुर्भाग्य है कि जैसे जयपुर बम ब्लास्ट में सरकार ने कमजोर कार्रवाई की वैसे ही कन्हैया की हत्या मामले में हुआ। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 2023 में कमल खिलेगा और कन्हैया के हत्यारों को फांसी की सजा होगी।

### यात्रा का रथ पुलिस ने रोका

भाजपा की पहली परिवर्तन संकल्प यात्रा रथ को रविवार को गंगापुर सिटी में पुलिस ने रोक लिया। इस पर पुलिस और भाजपा पदाधिकारियों के बीच झड़प हो गई और जमकर कहासुनी हुई। बताया जा रहा है कि गंगापुर सिटी के होटल पर्ल से जैसे ही परिवर्तन संकल्प यात्रा का रथ आगे बढ़ा और गंगापुरसिटी शहर के अंदर जाने की बारी आई तभी पुलिस प्रशासन ने यात्रा को रोक दिया और कहा कि गंगापुर सिटी शहर के अंदर के मुख्य मार्ग से होकर रथ नहीं गुजर सकते। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी आक्रोशित हो गए और शहर के अंदर से ही जाने की मांग पर अड़ गए।

### लोग भ्रम में नहीं आएं: मेघवाल

केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस के लोग भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। कभी कहते है कि संविधान बदल देंगे, कभी कहते हैं कि हमारा यह बुरा कर देंगे। जबकि नरेन्द्र मोदी तो संविधान को झुककर दंडवत प्रणाम करते हैं। लोग भ्रम में न आए। इसके अलावा पार्टी के भाजपा प्रभारी अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, सांसद दीया कुमारी, किरोड़ी लाल मीणा सहित कई सांसद, विधायक और पार्टी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### फूड पैकेट में मिलावट का जहर: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि सीएम गहलोत अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने के लिए धरियावद आए थे। हमारी एक बहन की इज्जत धरियावद में तार-तार हुई है। किसानों की जमीनें नीलाम हुई। युवा पेपर लीक से ठगा गया। इस शासन में मानव तस्करी की घटनाएं हुई और अस्पताल से शिशु चुराए जाने लगे। प्रदेश की गहलोत सरकार की बुनियाद को हिलाने के लिए और कन्हैयाल की हत्या का बदला लेने का समय आ गया है। सरकार अन्नपूर्णा फूड पैकेट बांट रही है। इनमें सरकार मिलावट का जहर बांट रही है।

## जरूरी खबर

### राठौड़ निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर।** राजस्थान स्टेट इकाई के त्रिवार्षिक यूथ हॉस्टल ऑफ इंडिया के चुनाव रविवार को संपन्न हुए। जहां प्रदेश अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध पराक्रम सिंह राठौड़ को निर्वाचित घोषित किया गया। राठौड़ दूसरी बार यूथ हॉस्टल आफ इंडिया के राजस्थान स्टेट इकाई के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर बाड़मेर के आजाद सिंह, हंसनाराम और दौलत सिंह सांकड़ा, स्टेट चेयरमैन वरिष्ठ यूथ होस्टलर पद पर रतन सिंह भाटी (बालाना) और कोषाध्यक्ष पद पर मूलसिंह राठौड़ निर्वाचित हुए। चुनाव के बाद स्टेट काउंसिल की बैठक नवनिर्वाचित अध्यक्ष राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। राठौड़ ने कहा कि यूथ हॉस्टल एसोसिएशन से युवाओं को जोड़कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास सभी को मिलकर करना होगा।

### पानी में डूबे तीन दोस्त, दो सुरक्षित निकले, एक लापता



**जयपुर।** जयपुर के आमेर थाना इलाके में स्थित तालाब में नहाने गए तीन दोस्तों में से एक पानी में डूब गया। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम को भादर का बास स्थित तालाब में तीन दोस्त गहरे पानी में डूब गए थे। उनमें से दो तो सुरक्षित बाहर निकल आए, लेकिन तीसरा साथी बाहर नहीं आया तो पुलिस का सूचना दी गई। देर रात तक पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम युवक को तलाश रही थी। एसआई रोहिताश ने बताया कि मुरलीपुरा निवासी नरेश मीणा, रोहित वर्मा और अंकित शाम करीब चार बजे आए थे। रोहित और नरेश तो बाहर निकल आए, लेकिन अंकित पानी में डूब गया।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**हड़ताल का दूसरा दिन: कॉल्स आते रहे, लेकिन नहीं पहुंची एंबुलेंस**

# सरकार और एंबुलेंस कर्मियों की लड़ाई में मरीजों की आफत

**बेधड़क । जयपुर**

राजधानी समेत प्रदेशभर में पिछले 48 घंटे से भी अधिक समय से एंबुलेंस सेवा ठप है। इसका सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है। रविवार को भी एंबुलेंस सेवा के लिए कॉल सेंटर में मदद के लिए सैकड़ों फोन कॉल्स आए, मगर लोकेशन पर एंबुलेंस नहीं पहुंची। लोगों का कहना है कि सरकार और कर्मचारियों के बीच की लड़ाई में आमजन परेशान हो रहा है।

एंबुलेंस कर्मियों का कहना है कि हम हड़ताल के लिए मजबूर हैं। हमें मिलने वाले वेतन से घर का खर्च तक नहीं चलता। इसके अलावा हमें ठेका प्रथा से हटाकर संविदा के नियमों में शामिल किया जाए। गौरतलब है कि राजस्थान में प्रतिदिन 2800 से 3200 मरीजों को एंबुलेंस आपातकालीन स्थिति में हॉस्पिटल पंहुचाती है।

शनिवार और रविवार को हड़ताल के चलते उपजी स्थिति में सैकड़ों मरीजों ने इस बंद को झेला है। इधर, कर्मचारी नेताओं का कहना है कि आज प्रदेश आम जनता इस सरकार की हठधर्मिता के कारण एक्सीडेंट ,मेडिकल केश ,आगजनी, प्रसूता महिला इन सबको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के कानों पर जूं भी नही रेंग रही है। यह एंबुलेंस सेवा चिकित्सा विभाग की सभी सेवाओं में से सबसे महत्वपूर्ण सेवा होने के बाद भी सरकार द्वारा इन कर्मचारियों की मांगों का समाधान नही किया जा रहा है।

### दो दिन से ठप है आपातकालीन सेवा

पूरे प्रदेश में 108 व 104 एंबुलेंस सेवा 48 घंटे से अधिक समय से पूरी तरह ठप है। प्रदेश में 108 की 741 एंबुलेंस और 104 की 586 एंबुलेंस अपनी सेवा देती हैं जो पूरी तरह हैं। इधर, सोमवार को भी प्रदेश के अधिकतर एंबुलेंस कर्मचारी जयपुर पंहुच रहे हैं। रविवार को राजधानी स्थित मेडिकल कॉलेज के सामने पूरे प्रदेश से करीब आए हुए हजारों कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया।



### ...तो उग्र करेंगे आंदोलन

“ यदि समय रहते सरकार ने किसी तरह से कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

**वीरेन्द्र सिंह शेखावत,** प्रदेशाध्यक्ष एंबुलेंस यूनियन।

### सरकार वार्ता कर निकाले रास्ता

“ डिलीवरी की हालत में सुबह करीब 8 बजे राजावास से एंबुलेंस का नंबर डायल किया। तीन घंटे में आने की बात कही गई। इसके बाद खुद के वाहन से मरीज को कांवटिया अस्पताल लेकर आए। सरकार एंबुलेंस कर्मियों से बातचीत करके कोई रास्ता निकाले। इस हड़ताल से आम मरीज परेशान हो रहा है।

**प्रेम सिंह,** पीड़ित

**रामनिवास बाग में दिखाई ताकत, विप्र कल्याण बोर्ड बनाने की मांग**

# ब्राह्मण समाज ने 14 फीसदी आरक्षण के लिए भरी हुंकार



फोटो: पंकज शर्मा

**एक करोड़ लोगों ने लिंक के माध्यम से ऑनलाइन देखा महासंगम**

**बेधड़क । जयपुर**

ब्राह्मण समाज के महासंगम में रविवार को ब्राह्मणों ने हुंकार भरते हुए 14 प्रतिशत आरक्षण की मांग केंद्र और राज्य सरकार से रखी। ईडब्ल्यूएस आरक्षण में हो रही विसंगतियों को दूर करने और आयु सीमा को बढ़ाने के साथ ही मंदिर मठों पर सरकारी नियंत्रण खत्म कर ट्रस्ट व कमेटियों को देने की मांग की। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर विप्र कल्याण बोर्ड बनाने की मांग भी पुरजोर उठी।

मंच से समाज को एकजुट होकर काम करने की बात कही। सभी का एक ही नारा था विश्व को दिशा देने वाला ब्राह्मण अब अपने हितों के लिए संगठित होना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ त्रिपोलिया गेट से 11000 महिलाओं की कलश यात्रा की शुरुआत से हुआ। महिलाओं के रामनिवास बाग पर पहुंचने पर सुबह 10:15 बजे कार्यक्रम शंखनाद और स्वस्तिवाचन से प्रारम्भ हुआ। इस पूरे कार्यक्रम को एक करोड़ लोगों ने लिंक के माध्यम से देखा।

समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार से सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा है कि ब्राह्मण सभी समाजों को साथ लेकर चलता है। अब उसे अपने संस्कारों के बल पर आगे बढ़ना चाहिए। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि ब्राह्मण समाज सहित आरक्षण से वंचित जातियों के लिए 14 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहली बार वर्ष 2003 में हुआ था।

### आरक्षण के लिए हमने खाई लाठियां और जेल तक गए: मिश्रा

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि इस 14% आरक्षण के लिए हमने लाठियां खाई, जेल गए और सड़कों पर संघर्ष किया। देश की दोनों राजनीतिक पार्टियों के राजनेता मंच पर हैं। आपसे निवेदन है कि ब्राह्मण बच्चों के भविष्य के लिए आरक्षण को 14% करवाने के लिए प्रयास करें। विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि जब से बोर्ड की स्थापना हुई है समाज के लिए बहुत सारे कार्य किए जा चुके हैं और आगे भी प्रस्तावित हैं। समाज कल्याण बोर्ड की चेयरमैन अर्चना शर्मा ने कहा कि 2 महीने से इस समारोह की तैयारी चल रही थी और हम सबने एक विहंगम दृश्य देखा है। मैं समाज की हर जायज मांग के साथ हूं। फिल्म निर्माता निदेशक मधुर भंडारकर एवं अनिल शर्मा ने कहा कि आज तक वो कभी किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में नहीं गए, लेकिन पं. सुरेश मिश्रा का प्यार हमें यहां खींच लाया।

### आरक्षण की पैरवी करूंगा: बोहरा

सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि मैं समाज के साथ 14% आरक्षण देने की पैरवी करूंगा। जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कि आरक्षण के लिए सुरेश मिश्रा जितना संघर्ष किसी ने भी नहीं किया है। मैं राज्य सरकार से 14% आरक्षण के लिए बात आगे बढाउंगा। भजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का शुभकामना संदेश विधायक रामलाल शर्मा ने पढ़कर सुनाया।

### ब्राह्मण विभूतियों का सम्मान

समाज की ओर से 5 विभूतियों को ब्राह्मण शिरोमणि सम्मान दिया गया। इनमें मधुर भंडारकर, अनिल शर्मा, कनाडा से आए डॉ. आजाद कौशिक, लंदन से आए डॉ. आलोक शर्मा, दुबई से आए नवीन शर्मा, अमेरिका से आए इन्द्रजीत शर्मा का सम्मान फरसा व भगवान परशुराम जी का चित्र भेंट कर किया गया।

**राजस्थान मिशन 2030 अभियान**

# दुग्ध उत्पादन में देश में पहले स्थान पर राजस्थान

**बेधड़क। जयपुर**



राजस्थान मिशन 2030 अभियान के संबंध में पशुपालन और गौपालन विभाग तथा राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की संयुक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय अधिकारियों, कार्मिकों और हितधारकों का आमुखीकरण कार्यक्रम शासन सचिव विकास एस. भाले की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने राजस्थान मिशन 2030 को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नौजवान पीढ़ी अपने विचार और सुझाव देकर विभाग के दस्तावेज को बनाने में अपना योगदान करें। उन्होंने लम्पी से गौवंश को बचाने के प्रयास में विभाग के कार्मिकों की सराहना करते हुए कहा कि संकट के इस समय में हमारा प्रयास पूरे देश में प्रशंसनीय रहा।

शासन सचिव विकास एस भाले ने कहा कि बदलते समय की आवश्यकतानुसार प्रदेश को प्रगति की राह पर अग्रसर करने के लिए राजस्थान मिशन 2030 की रूपरेखा तैयार करनी है। इसके लिए समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सर्वे फार्म भरकर निदेशालय को भिजवाएं, जिससे नीति निर्धारण में सभी की भूमिका हो सके। उन्होंने समयबद्ध तरीके से सभी को सुझाव भेजने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने विभाग की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि हम दुग्ध उत्पादन में देश में पहले स्थान पर हैं अब हमें इसके संग्रहण और प्रसंस्करण पर ध्यान देने की जरूरत है। पशुपालन निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारे लिए गर्व का विषय है कि राजस्थान आज सम्पूर्ण देश में दुग्ध एवं ऊन उत्पादन में सर्वोच्च स्थान पर है।

**चिकित्सकों ने समस्याओं पर की चर्चा, सीएम से मिले**

# 500 चिकित्सकों ने ली अंगदान की शपथ

**बेधड़क । जयपुर**

प्रदेशभर के डॉक्टर्स रविवार को जयपुर में जुटे। यहां पर उन्होंने आरटीएच बिल, फायर एनओसी, अस्पतालों को मिल रही मंहगी बिजली सहित कई समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। आईएमए की ओर से राजस्थान अधिवेशन 2023 का आयोजन एसएमएस मेडिकल कॉलेज में हुआ। इसमें 500 से अधिक डॉक्टर्स ने भाग लिया और अंगदान की शपथ ली। इस अधिवेशन में आईएमए से जुड़े चिकित्सकों ने भाग लिया। इससे पहले आईएमए के पदाधिकारियों ने सीएमआर पर सीएम अशोक गहलोत से मिलकर डॉक्टर्स के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने डॉक्टर्स की समस्याओं का उचित समाधान निकालने को लेकर आश्वासन दिया। अधिवेशन के दौरान 35 वरिष्ठ चिकित्सकों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने कहा कि आईएमए के ऐसे अधिवेशनों में प्रोफेशन के साथ-साथ आमजन के प्रति अपनी जिम्मेदारियां को लेकर डिस्कशन किया जाता रहा है। जब राजस्थान सरकार ने निरोगी राजस्थान की कल्पना की है तो उसमें डॉक्टर की भूमिका और बढ़ जाती हैं। जोशी ने कहा कि राजस्थान सरकार चाहती है कि निरोगी राजस्थान का कार्यक्रम ठीक तरीके से लागू हो। अधिवेशन में आईएमए की राजस्थान एग्जीक्यूटिव कमेटी और स्टेट वर्किंग कमेटी की बैठक भी हुई। इस दौरान सरकार की ओर से घोषित मेडिकल सर्विसेस से जुड़ी योजनाओं पर भी विचार विमर्श किया गया।

### सौंदर्य के ‘सीने में गंदगी’



*जयपुर। महत्वाकांक्षी योजना द्रव्यवती नदी सुंदरता के बजाय एक गंदा नाला बन गई है। मानसून के दौरान पानी के साथ शहर की गंदगी द्रव्यवती नदी के पेटे में इकट्ठा होकर जगह-जगह चेक डैम में जमा हो गई। द्रव्यवती नदी की साफ सफाई का काम टाटा कंसलटेंट कंपनी करती है, जिसका भुगतान जयपुर विकास प्राधिकरण करता है। महारानी फार्म स्थित चेक डैम के दोनों तरफ लगभग 10 फीट तक कीचड़ एवं मिट्टी जमा हो गई।* -फोटो: राजेश कुमावत

**वार्ता के बाद प्रस्तावित रोडवेज हड़ताल स्थगित**

# समय पर मिलेगा कार्मिकों को वेतन, 2800 पदों की भर्ती का भेजेंगे प्रस्ताव

**बेधड़क । जयपुर**

राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे की ओर से मंगलवार को की जाने वाली प्रदेशव्यापी हड़ताल स्थगित कर दी गई है। रविवार को मांगों पर सहमति बनने के बाद संयुक्त मोर्चे की ओर से यह फैसला लिया गया।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि कार्मिकों के वेतन, पेंशन एवं सेवानिवृत्ति परिलाभों के नियमित और समयबद्ध भुगतान के लिए 200 करोड़ के रिर्जव का प्रावधान किया जाएगा। यह प्रावधान राज्य सरकार एवं विभिन्न वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा, जिससे कार्मिकों को वेतन, पेंशन तथा एक माह के सेवानिवृत्ति परिलाभों का भुगतान पहले महीने की एक तारीख को किया जाएगा। गौरतलब है कि श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे की ओर से लंबे समय से नई बसों की खरीब से लेकर समय पर वेतन देने के अलावा नई भर्तियों से मांग की जा रही थी।



### निगम के बेड़े में एक हजार बसों को किया जाएगा शामिल

परिवहन निगम के अध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि निगम में एक हजार बसों को शामिल करने के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रति माह एक निश्चित सहयोग राशि (VGF) आगामी 5 वर्षों तक प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 5 वर्ष की अवधि के बाद ये बसें निगम की संपत्ति होगी। राज्य सरकार के उक्त कार्य से निगम को समुचित बसों की आपूर्ति हो पाएगी एवं आम जनता को नियमित रूप से सुविधापूर्ण परिवहन सुविधा निगम उपलब्ध करा पाएगा। इधर, बैठक में निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने रिक्त पदों पर भर्ती की मांग पर बताया कि निगम की ओर से पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव की पुनः समीक्षा कर आवश्यकतानुसार लगभग 2800 पदों की भर्ती की अनुमति हेतु प्रस्ताव वित्त विभाग राज्य सरकार को प्रेषित किया जाएगा।

### दो दिन पूर्व प्रतिनिधिमंडल मिला था CM से

गौरतलब है कि निगम के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधि मंडल ने परिवहन मंत्री, निगम अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात की थी। इसमें मुख्यमंत्री द्वारा निगम अध्यक्ष को संयुक्त मोर्चे की महत्वपूर्ण मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके सकारात्मक परिणाम रविवार को प्रतिनिधि मण्डल के साथ आयोजित बैठक में सामने आए हैं। बैठक में अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक (यातायात) संजीव कुमार पाण्डेय, कार्यकारी निदेशक (प्रशासन ) अनीता मीना, वित्तीय सलाहकार रामगोपाल पारीक एवं संयुक्त मार्चे से जुडे प्रतिनिधि मौजूद रहे।

“ सरकार की ओर से हमारी मांगें मान ली गई हैं। इसके बाद हमने 5 सितंबर को की जाने वाली हड़ताल को स्थगित कर दिया है।

**एमएल यादव,** प्रदेश संयोजक, राज. रोडवेज संयुक्त मोर्चा जयपुर

**जरूरी खबर**

## ग्रामीण ओलंपिक में दो गुट भिड़े, हथियारों से हमला



**भीलवाड़ा।** जिले में चल रहे ग्रामीण ओलिंपिक खेलों में रविवार के दो टीमों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक टीम के समर्थकों व खिलाड़ियों ने दूसरी टीम के खिलाड़ियों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसके बाद खेल मैदान में हड़कंप मच गया। हमले में घायल 4 खिलाड़ियों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल लाया गया। इधर, सूचना मिलने के बाद प्रताप नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार मेजा गांव व भीलवाड़ा की टीम के बीच फुटबॉल मैच के दौरान हुटिंग को लेकर विवाद हो गया।

## भाजपा जिला IT व सोशल मीडिया टीम का गठन

**माउंटआबू।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेश में निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा के संभाग स्तर पर स्वागत किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भाजपा के सिरोही भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कोठरी व आईटी विभाग के प्रदेश संयोजक धनराज सोलंकी द्वारा अक्षय चौहान को भाजपा आईटी विभाग सिरोही का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। चौहान ने बताया कि सोशल मीडिया व आईटी विभाग की टीम केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व राज्य में कांग्रेस सरकार की विफलताओं को आम जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

## श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 35 घायल



**धौलपुर।** जिले में रविवार दोपहर श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में 35 लोग घायल हो गए। इनमें 12 की हालत गंभीर है। सभी लोग मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं, जो कैला देवी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिला निवासी करीब 40 लोग ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर कैला देवी माता मंदिर पर दर्शन करने गए थे। दर्शन करके रविवार को सभी वापस लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 11बी पर बथुआ खो गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई।

**पीसीपीएनडीटी का डिकॉय ऑपरेशन:** धोखाधड़ी के आरोप में एक फर्जी चिकित्सक और दो दलाल गिरफ्तार

# फर्जी भ्रूण लिंग परीक्षण करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**बेधड़क** | सीकर

राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने बड़ी डिकॉय कार्रवाई कर भ्रूण लिंग जांच के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए तीन आरोपी सुभाष चंद्र पुत्र नवलाराम निवासी चंद्रपुर सांवली सीकर, रामनिवास पुत्र रामेश्वर लाल, निवासी मुंडवाड़ा सीकर व रामेश्वर लाल पुत्र नारायण राम ग्राम सांवली सीकर को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह गर्भ में बच्चों के दिल की धड़कन जांचने के काम में आने वाली फीटल डॉपलर मशीन से फर्जी भ्रूण लिंग जांच कर रहा था। कार्रवाई में भ्रूण लिंग जांच के नाम पर ली गई राशि भी बरामद कर ली गई। आरोपी राम निवास नागौर में एक निजी राजीव पैथ लैब का संचालक है, जो कि फर्जी चिकित्सक बन फिटल डॉपलर मशीन से फर्जी जांच कर रहा था। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने इस डिकॉय कार्रवाई के लिए पीबीआई टीम को बधाई दी है।

साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की मंशा अनुरूप बेटियों को बचाने के लिए लागातार डिकॉय ऑपरेशन करने को कहा। उन्होंने कम लिंगानुपात वाले जिलों में अपनी नियमित विशेष निगरानी बनाने के भी निर्देश दिए हैं।

### मुखबिर से मिली थी सूचना

अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि मुखबिर के माध्यम से सीकर शहर व उसके आस-पास के इलाकों में एक अज्ञात गिरोह द्वारा गर्भवती महिलाओं की भ्रूण लिंग जांच किए जाने की सूचना मिल रही थी। उन्होंने बताया कि सूचना की पुष्टि के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीसीपीएनडीटी सतवीर सिंह के नेतृत्व में एक डिकॉय दल का गठन किया गया।



### 70 हजार में भ्रूण लिंग जांच का झांसा

डॉ. सोनी ने बताया कि दलाल सुभाष चंद व रामेश्वर लाल ने डिकाय गर्भवती महिला एवं सहयोगी से बातचीत कर 70 हजार में भ्रूण लिंग जांच करवाने की बात कही। इसके बाद दलाल सुभाष चंद ने डिकाय गर्भवती महिला व सहयोगी को एसके कॉलेज के पास बुलाया। वहां से दलाल रामेश्वर लाल व रामनिवास अपनी गाड़ी में डिकॉय गर्भवती महिला व सहयोगी को खूड लोसल रोड पर लेकर गए। चलती गाड़ी में फर्जी चिकित्सक रामनिवास ने फिटल डॉपलर मशीन से फर्जी सोनोग्राफी कर डिकॉय गर्भवती महिला को मनगढ़ंत भ्रूण लिंग की जानकारी दी। दलालो से 70 हजार के हूबहू नोट बरामद कर लिए गए। दलाल सुभाष चंद्र से ₹17 हजार रामेश्वर लाल से 25 हजार व और रामनिवास से 28 हजार रुपए बरामद किए गए है। राम निवास ने यह भी कहा कि आप गर्भपात करवाना चाहते हो तो मेरे हॉस्पिटल में करवा दूंगा, जिसकी अलग से फीस ₹10 हजार रुपए लगेगी। इस डिकॉय कार्यवाही में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह, पुलिस निरीक्षक सतपाल यादव, हेड़ कांस्टेबल चंद्रभान, कैलाश चंद, मुकेश, सानू, पीसीपीएनडीटी समन्वयक नंदलाल पूनियां, झुंझुनू से संजीव, दिनेश कुमार, सुरेंद्र शामिल थे।

**मुख्यमंत्री ने किया नवसृजित फलौदी जिले का दौरा**

# जनता से किए वादे निभाए और निभाते रहेंगे: गहलोत

## मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना का 6 सितंबर को होगा शुभारंभ

**बेधड़क** | फलौदी

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को नवसृजित फलौदी जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फलौदी के परमवीर मेजर शैतान सिंह स्टेडियम में राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेल के जिला स्तरीय प्रतियोगिता समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने फलौदी सहित प्रदेश की जनता से किए वादों को निभाया है।

राज्य सरकार के प्रति जनता के विश्वास को आगे भी कायम रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक साथ 17 नए जिलों और 3 सम्भागों के ऐतिहासिक फैसले से अब मुख्यालय से दूरियां कम हुई हैं। राजस्व, शिक्षा, पानी, विद्युत, चिकित्सा, सड़क सहित अन्य कार्यों में आमजन को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार स्वास्थ्य का अधिकार, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी कानून, महंगाई राहत कैम्पों में 10 योजनाओं की गारंटी, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना, गिग वर्कर्स एक्ट, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों से राजस्थान पूरे देश में मॉडल स्टेट बना है।

वहीं खेल के आयोजनों को लेकर उन्होंने कहा कि यह खेल प्रतियोगिताएं देश में अनूठी पहल हैं। इससे प्रदेश में खेलों का माहौल बनेगा। प्रतिभाएं सामने आएंगी, उन्हें सरकार द्वारा निखारा जाएगा।



### विजन 2030 में आपकी भागीदारी जरूरी

सीएम गहलोत ने कहा कि नए जिलों के सृजन से विकास को गति मिलेगी। अभी विभिन्न योजनाओं में कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अब हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ राजस्थान को वर्ष 2030 तक देश के अग्रणी राज्यों में शुमार कराना है। इसके लिए 'राजस्थान मिशन-2030' के तहत भविष्य की योजना बना रहे हैं। गहलोत ने राज्य के योजनाबद्ध तरीके से विकास के लिए प्रदेशवासियों से 'विजन-2030 डॉक्यूमेंट' में सुझाव देने का आह्वान किया।

### लाभार्थियों को स्मार्टफोन वितरित

कार्यक्रम में गहलोत ने राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेल अंतर्गत रस्साकशी और कबड्डी का जिला स्तरीय फाइनल मैच देखा। उन्होंने मैदान में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी खेलों में 58 लाख खिलाड़ियों का पंजीयन प्रदेश के खेल माहौल को दर्शाता है। गहलोत ने इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के लाभार्थियों को स्मार्टफोन वितरित कर संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में लगभग 6 लाख विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर भविष्य संवार रहे हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील राज्य सरकार लगभग 6 लाख बच्चों को पालनहार योजना में सहायता पहुंचा रही है।

### सरकार भरेगी पशुपालकों के प्रीमियम

मुख्यमंत्री ने कहा कि भीलवाड़ा में 6 सितम्बर को मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना का शुभारम्भ होगा। इसमें राज्य सरकार ही पशुपालकों का प्रीमियम भरेगी। उन्होंने कहा कि लम्पी रोग में गायों की मृत्यु पर 40 हजार रुपए प्रति गाय सहायता दी गई। वहीं, गौशालाओं को 5 वर्षों में 3000 करोड़ रुपए का अनुदान व सहायता दी जा चुकी है।

**गंभीर हालत में झुंझुनूं रेफर**

# बदमाशों ने मंदिर में पूजा करने गए पूर्व सैनिक पर की फायरिंग

**बेधड़क** | झुंझुनू

जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र के मुरादपुर में रविवार को मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे पूर्व सैनिक पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। घटना में गंभीर घायल पूर्व सैनिक को झुंझुनू रेफर किया गया। वहीं घटना के बाद दोनों आरोपी हरियाणा की तरफ भाग गए। आरोपियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस ने पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी कराई है।

मुरादपुर निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि उसके भाई अमीलाल (60) पुत्र रतनलाल गर्सा परिवार सहित सिंघाना की प्रभात कॉलोनी में रहते हैं। पूर्व सैनिक अमीलाल गांव में मुख्य सड़क के पास बने मंदिर में नियमित रूप से आकर पूजा-अर्चना और पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं।

वे रविवार को भी मंदिर में आए और सुबह करीब 11.30 बजे पशुओं के लिए टंकी में पानी भर रहे थे। इस दौरान एक बाइक पर मुरादपुर निवासी दो बदमाश आए और पूर्व सैनिक अमीलाल पर पिस्टल से फायरिंग कर दी। गोली चलने की सूचना पर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घायल पूर्व सैनिक अमीलाल को सिंघाना के राजकीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें झुंझुनू रेफर कर दिया गया।

एएसआई विद्याधर ने बताया कि कुछ समय पूर्व अमीलाल और दूसरे पक्ष के बीच कहासुनी हो गई थी। उसी रंजिश में वारदात को अंजाम देने की बात सामने आ रही है।



### सेना से सेवानिवृत्त हैं अमीलाल

घटना की सूचना पर सिंघाना थानाधिकारी विक्रम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। ग्रामीणों ने बताया कि अमीलाल भारतीय सेना से सेवानिवृत्त है और उनका बेटा विकास भी भारतीय सेना में कैप्टन के पद पर कार्यरत है।

**पांच साल में ढाई हजार यूनिट** ब्लड करवा चुके हैं दान

# टोंक के रक्तदाताओं का सराहनीय सेवाओं के लिए जयपुर में सम्मान

**बेधड़क** | टोंक

जिले के दो रक्तदाताओं को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया है। भगतसिंह जीवनदाता टीम के सदस्य सुशील और वैभव चोपड़ा को जयपुर रत्न सम्मान से नवाजा गया है। इन्होने ब्लड डोनेट करने के साथ अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया है। पांच साल में करीब ढाई हजार यूनिट रक्त का दान करवा चुके हैं। जयपुर प्रताप नगर के निर्मला ऑडिटोरियम में जयपुर रत्न सम्मान समारोह के सीजन-4 का आयोजन हुआ। अंबालिका शास्त्री ने बताया कि इस मौके पर समाजसेवा, शिक्षा, कला-संस्कृति, खेलकूद, लोक कला, राजनीति, चिकित्सा, प्रशासनिक सेवा आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाली 51 हस्तियों को जयपुर रत्न सम्मान से नवाजा गया। सम्मान पाने वालों में टोंक से वैभव चोपड़ा और सुशील कुमार को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न भेट कर किया गया।



**टाउन हॉल में हुआ राजस्थान संगीत नाटक अकादमी का कार्यक्रम**

# मुख्यमंत्री ने कलाकारों को किया पुरस्कृत

**बेधड़क** | जोधपुर

मुख्यमंत्री गहलोत ने रविवार शाम टाउन हॉल में आयोजित समारोह में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न कलाकारों को सम्मानित किया। नाट्य निर्देशन विधा में उदयपुर की भानु भारती सर्वोच्च रत्न से सम्मानित किया गया। शास्त्रीय विधा में जयपुर की सुमन यादव, शास्त्रीय वादन वायलिन में मुम्बई के रवि पंवार, शास्त्रीय नृत्य कत्थक विधा में जयपुर की गीता रघुवीर, लोक संगीत गायन में बाड़मेर के भूगड़े खां, लोक संगीत में जयपुर की परवीन मिर्जा, लोक नृत्य में जयपुर के डॉ.रूपसिंह शेखावत, लोक कला कठपुतली में नागौर के खैरातीराम भाट, लोक नाट्य में जयपुर के दिलीप भट्ट, सुगम संगीत में बीकानेर के रफीक सागर, नाट्य-लेखन में जयपुर के अशोक राही, नाट्य-अभिनय में जोधपुर की गीता भट्टाचार्य, नाट्य-निर्देशन में जयपुर के साबिर खान, नाट्य-रूप सज्जा में जयपुर के राधेलाल, कला समग्र साधना में कोटा के शरद कुमार तैलंग को अवॉर्ड से सम्मानित किया। शास्त्रीय गायन विधा में जयपुर के सौरभ वशिष्ठ, तबला वादन में जोधपुर के अशीष रागवानी, कथक नृत्य में जयपुर की चारू शर्मा, भपंग वादन में अलवर के युसुफ खान मेवाती, सुगम संगीत गायन में सिरोही के स्वागत राठौड़, रंगमंच में उदयपुर के कविराज लईक को युवा पुरस्कार से सम्मानित किया।



**अब मौसमी बीमारियों की पड़ रही मार**

# 'डेंगू' व 'स्क्रब टाइफस' की रोकथाम के प्रयास तेज

## आईआईटी-जेईई छात्रा की मौत के बाद हरकत में आया प्रशासन

**बेधड़क** | कोटा

जिले में अब मौसमी बीमारियों का कहर बरपा रहा है। डेंगू और 'स्क्रब टाइफस' के बढ़ते मामलों के बीच पिस्सू (घुन जैसा कीट) जनित रोग से आईआईटी-जेईई छात्रा की मौत के बाद हरकत में आए कोटा प्रशासन ने इन रोगों को फैलने से रोकने का प्रयास तेज कर दिया है।

गौरतलब है कि आईआईटी-जेईई छात्रा की शुक्रवार शाम यहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान स्क्रब टाइफस से मौत हो गई थी और शहर में उसी दिन छह अन्य लोग डेंगू से और एक व्यक्ति स्क्रब टाइफस से पीड़ित पाया गया था। जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने शनिवार दोपहर यहां एक बैठक की अध्यक्षता की, इसमें भाजपा के कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. जगदीश सोनी और अन्य चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए।

बैठक के दौरान भाजपा विधायक ने शहर में डेंगू और स्क्रब टाइफस के रोगियों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की और इसे रोकने के लिए तत्काल उपाय करने को कहा।



### ब्लड जांच में स्क्रब टाइफस का पता चला

झारखंड में बीएसएनएल के अधिकारी के रूप में कार्यरत भारती के पिता नीलकंठ ने कहा कि बुधवार को बेटी की हालत बिगड़ने के बाद उन्होंने उसे यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। भारती के रक्त के नमूनों की जांच से पुष्टि हुई कि वह स्क्रब टाइफस से पीड़ित है। इसके बाद चिकित्सक ने गुरुवार से उसका विशिष्ट उपचार शुरू किया। भारती के पिता ने कहा कि वह वेंटिलेटर पर थी और स्क्रब टाइफस के कारण उसके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने बताया कि भारती की शुक्रवार शाम इलाज के दौरान मौत हो गई।

### जनवरी से अब तक डेंगू के 330 मामले सामने आए

कोटा में इस साल जनवरी से अब तक डेंगू के 330 मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि इस अवधि में स्क्रब टाइफस के 73 मामले सामने आए। झारखंड के गोड्डा जिले की आईआईटी-जेईई छात्रा 19 वर्षीय स्नेहा भारती पिछले साल यहां एक संस्थान में एक साल की कोचिंग के बाद कोटा शहर के तलवंडी इलाके में स्थित एक पीजी रूम में रहकर अध्ययन कर रही थीं।

# दुनिया में मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं: डॉ. मेहरड़ा

**बेधड़क** | श्रीमाधोपुर

शहर के जाल पाली मोड पर रविवार को गौतम मानव सेवा फाउंडेशन का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डीजीपी साईबर क्राइम डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने फीता काटकर संस्था का शुभारंभ किया। इस मौके उन्होंने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

सभी लोगों को मानवता के कल्याण के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने समाज का शिक्षा के माध्यम से विकास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर एन. एल. वर्मा, सेवानिवृत सेशन जज विनोद कुमार आर्य, पूर्व आरपीएस जगमाल वर्मा, सेवानिवृत वैज्ञानिक सीताराम सैनी, प्रो. बजरंग लाल प्रशांत, प्रो. हंसराज चौहान, एईएन अनिल काला, सामाजिक कार्यकर्ता गीगराज जोडली, लेखक ताराचंद मीना, छात्र नेत्री चंद्रकला नागोरी विशिष्ट अतिथि रूप में मौजूद। फाउंडेशन संस्थापक शंकर लाल मंढानिया ने अपने सुपुत्र स्व. गौतम की याद में अपने 71वें जन्मदिन के अवसर इस संस्था की स्थापना की। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व मानव सेवा के लिए कार्य करेगी।

इस अवसर पर शंकर लाल मंढानिया ने देहदान का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का संचालन सत्यवान मानोता व राजेश वर्मा निमेडा ने किया। कार्यक्रम में सुखवीर बोद्ध, अमीचंद भूपेश, महेंद्र कुमार वर्मा, शिवकुमार पालीवाल, संजू वर्मा, योगेश बरालाआदि मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस स्पेशल


### यू-ट्यूब चैनल्स से एक साथ हजारों स्टूडेंट्स को शिक्षा देने वाले... बोले तो...

# SUPER TEACHER

- गुरुकुल से लेकर हाईटेक फैकल्टी तक
- समय के साथ बदला स्वरूप




शिक्षक... एक ऐसा व्यक्ति जो अपने विचार, दृष्टिकोण से एक आम शिष्य के जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देता है। उसमें ऐसी प्रेरणा भरता है कि सामान्य शिष्य सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य बनने की राह पर चल पड़ता है। समर्थ गुरु रामदास एक वीर को छत्रपति शिवाजी राजे बना देते हैं। शिक्षक दिवस यूं तो हर साल 5 सितंबर को भारत में मनाया जाता है। इस दिन भारत के महान शिक्षक और देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उन सभी गुरुओं को समर्पित होता है जिन्होंने कई नायकों को तराशा है।




## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसलिए बने महान

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति भी बने। 40 साल तक शिक्षा देने वाले इस विद्वान ने कई छात्रों के जीवन को रोशन किया। उनके मुताबिक 'शिक्षक वह नहीं जो छात्रों के दिमाग में जबरन बातें ठूंसे। शिक्षक को तो छात्र को हर परिस्थिति के लिए तैयार करना चाहिए ताकि वह जीवन में आगे बढ़ सकें।' राधाकृष्णन का छात्रों के लिए समर्पण, सिखाने का तरीका और जोश ही उन्हें सभी से अलग और महान बनाता है। उनके मुताबिक शिक्षा द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है और इसलिए वे छात्रों के मानसिक विकास पर भी विशेष ध्यान देते थे। जीवन के 40 साल से ज्यादा शिक्षक के रूप में गुजारने वाले राधाकृष्णन ब्राह्मण परिवार में जन्में थे। वे एक महान शिक्षाविद, वक्ता तो थे ही बल्कि हिंदू विचारक भी थे। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के पिता का नाम 'सर्वपल्ली वीरास्वामी' और माता का नाम 'सीताम्मा' था। पिता की सरकारी नौकरी थी। वे राजस्व विभाग में वैकल्पिक कार्यालय में कार्यरत थे। शिक्षा को लेकर पूर्व राष्ट्रपति के विचार बेहद प्रगतिशील थे। वे हमेशा अपने छात्रों के हित में सोचते थे। उन्होंने मद्रास के क्रिश्चियन कॉलेज से दर्शन शास्त्र में एमए किया था।


## गुरु जिन्होंने शिष्यों को तार दिया



यहां सबसे पहले हम बात करते हैं उन गुरुओं की जिन्होंने एक नहीं कई लोगों को तार दिया। इनमें सबसे पहला नाम आता है महात्मा बुद्ध का। कुछ ग्रंथों में महात्मा बुद्ध को भगवान विष्णु का अवतार माना गया है वहीं कुछ विद्वान इस विचार को गलत बताते हैं। महात्मा बुद्ध ने इस अशांत संसार को शांति का पाठ पढ़ाया और आडंबरों से दूर रहने को कहा। महात्मा बुद्ध ने एक राजकुमार होते हुए भी भिक्षुक की तरह जीवन यापन किया। उनके बताए आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। उनकी शिक्षाएं मुश्किल समय में हमें सही रास्ता दिखाती हैं। वहीं, गुरु नानकदेवजी का नाम भारत सहित अन्य देशों में भी बड़े ही आदर के साथ लिया जाता है। उन्होंने सनातन मत की मूर्ति पूजा की शैली के विपरीत एक परमात्मा की उपासना का एक अलग मार्ग मानवता को दिया। संत साहित्य में नानक उन संतों की श्रेणी में हैं जिन्होंने नारी को बड़प्पन दिया है। उन्होंने अपनी शिक्षा और विचारों से समाज को सही दिशा दिखाई। ये सिख धर्म के प्रथम गुरु थे। संत कबीर ने वैसे तो किसी को अपना शिष्य नहीं बनाया, लेकिन उनकी शिक्षाओं को मानने वाले उन्हें गुरु की तरह ही पूजते हैं। उन्होंने सरल भाषा में लोगों को लाइफ मैनेजमेंट के बारे में बताने का प्रयास किया। इनकी लिखी कबीरवाणी आज भी काफी प्रसिद्ध है। कबीर एक ही ईश्वर को मानते थे और कर्मकांड के घोर विरोधी थे। उनके दोहों में धार्मिक आडंबरों का विरोध साफ दिखाई देता है। कबीर पंथ नामक संप्रदाय इनकी शिक्षाओं के अनुयायी हैं।

## द्रोण, चाणक्य जैसे कई हैं नाम

द्रोण से लेकर चाणक्य तक ऐसे शिक्षक रहे हैं जिन्होंने अपने शिष्यों को शस्त्र से लेकर शास्त्र तक, हर शिक्षा को बखूबी सिखाया। गुरु द्रोण की शिक्षा का ही असर था कि पांच पांडव सौ कौरवों पर भारी रहे। महाबली भीम यूं ही सर्वश्रेष्ठ गदाधारी तो नहीं बन गए। धनुर्धारी अर्जुन का नाम आज तक सर्वश्रेष्ठ धनुर्धारी के तौर पर लिया जाता है। युधिष्ठिर को धर्म की शिक्षा द्रोण ने ही तो दी थी। आधुनिक भारत में आचार्य चाणक्य को महान गुरु माना जाता है। क्योंकि उन्होंने एक साधारण बालक चंद्रगुप्त मौर्य के अखंड भारत का सम्राट बनाया। साथ ही खंड-खंड में बंटे भारत देश को एक सूत्र में पिरोया। आचार्य चाणक्य ने कई महान ग्रंथों की रचना की। इनमें से कौटिल्य का अर्थशास्त्र और चाणक्य नीति सबसे प्रमुख है। चाणक्य नीति में लाइफ मैनेजमेंट के टिप्स बताए गए हैं। इन बातों का ध्यान रखा जाए तो हर तरह की परेशानी से बचा जा सकता है। कहा जाता है कि छत्रपति शिवाजी राजे के जीवन में मां जीजाबाई का प्रभाव तो था ही गुरु रामदास न होते तो शायद शिवाजी शिवाजी ना होते। कहते हैं कि समर्थ गुरु रामदास कभी-कभार खुद शिवाजी से मिलने जाते थे। शिवाजी को धर्मनिरपेक्ष



शासक बनाने में उनकी बड़ी भूमिका थी। मुगल शासन को उखाड़ फेंकने के लिए जो हिंदू-मुस्लिम सैनिकों की टुकड़ियां बनीं, उसके पीछे भी उनका ही परामर्श था।



## आनंद कुमार हैं आज के नायक

आनंद कुमार भी देश में अब ऐसे ही जाने माने सुपर गुरु बने हैं। आनंद कुमार भारत के एक प्रसिद्ध गणितज्ञ, लेखक, और शिक्षक हैं। वे भारत में प्रसिद्ध संस्था "सुपर 30" के संस्थापक हैं। उनका जीवन बहुत ही कठिनाइयों से भरा रहा है, जिसे पार करते हुए उन्होंने सफलता हासिल की। आज वे कई लोगों के प्रेरणास्रोत हैं। आनंद कुमार का उद्देश्य उन गरीब बच्चों को आईआईटी और जेईई में प्रवेश करवाना है, जो बच्चे इसका सपना देखते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके सराहनीय कार्यों को देखते हुए वर्ष 2010 में आनंद कुमार को एस० रामानुजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें 'मौलाना अबुल कलाम आज़ाद' शिक्षा पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। आनंद कुमार को पद्मश्री पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। वर्ष 2019 में आनंद कुमार के जीवन से प्रेरित होकर उनके जीवन पर आधारित एक बायोपिक फिल्म "सुपर -30" बनाई गई थी। जो बॉक्स ऑफिस पर बंबर हिट रही। इस फिल्म में आनंद कुमार का किरदार ऋतिक रोशन ने निभाया था।



### खान सर

बदलते दौर के साथ शिक्षकों के पढ़ाने का तौर-तरीका बदला है। डिजिटल के दौर में गुरुजी भी हाईटेक हो गए हैं। यू-ट्यूब से पढ़ाकर शिक्षित करने के साथ ही मोटिवेट करना का दौर चल पड़ा है। इसी कड़ी में पटना के खान सर आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं, उनकी काबिलियत ने उन्हें संपूर्ण भारत में प्रसिद्ध कर दिया है। इतना ही नहीं आज उनके पास पैसा और नाम दोनों है। खान सर ने साल 2019 में अपना यू-ट्यूब चैनल शुरू किया था और आज उनके सब्सक्राइबर की संख्या 20 मिलियन से भी अधिक है। उनके द्वारा पढ़ाए गए वीडियो के क्लिप को काट-काटकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया जाता है, जहां से उनकी लोकप्रियता की और बढ़ावा मिला।



### डॉ. विकास

ऐसा एक और नाम है डॉ. विकास द्विव्यकीर्ति। उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में आईएएस का पद हासिल करने के बाद भी कुछ दिनों में नौकरी को छोड़ दिया। नौकरी छोड़ने से पहले कुछ महीनों तक उन्होंने अपनी एक कोचिंग संस्था चलाई जिसमें बच्चों ने उन्हें खूब प्यार दिया। इसके बाद उन्होंने यू-ट्यूब के माध्यम से भी बहुत सारे लोगों को अलग-अलग विषयों की शिक्षा दी है। आज भारत में अगर किसी भी छात्र को लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करनी है तो डॉ विकास दिव्यकीर्ति का यू-ट्यूब चैनल व उनका शिक्षण संस्था उनकी पहली पसंद होती है।



### अवध ओझा

इसी तरह का एक दूसरा नाम है अवध ओझा। अवध ओझा ने अपने UPSC कोचिंग की शुरुआत साल 2005 से की थी जब वह इलाहाबाद से दिल्ली गए थे। इससे पहले अवध एक कोचिंग में हिस्ट्री सब्जेक्ट को पढ़ाया करते थे, जहां बच्चों को उनके पढ़ाने का तरीका काफी पसंद आया। इसके बाद ही उन्होंने अपने कोचिंग संस्थान को खोलने की जर्नी शुरू की थी, लेकिन ओझा उस समय आर्थिक समस्या से जूझ रहे थे। इनके पास कोचिंग और मकान दोनों का किराया देने के लिए पैसे नहीं थे। मात्र 21 वर्ष की आयु में 2007 में इनका विवाह हो गया था। साल 2019 में ओझा ने पुणे, महाराष्ट्र में IQRA कोचिंग की शुरुआत की। शुरुआत में इस कोचिंग में वह एक बच्चे को पढ़ाते थे जिसके बाद धीरे-धीरे बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ। साल 2020 में इन्होंने अपना एक यू-ट्यूब चैनल शुरू किया, जहां वे यूपीएससी की कोचिंग की तैयारी करा रहे हैं।



### अलख पांडे

ऐसे ही एक हाईटेक टीचर का नाम है अलख पांडे। फिजिक्स वाला एक प्रचलित यू-ट्यूब चैनल है जिसे 2017 के आसपास अलख पांडे नाम के शिक्षक द्वारा किया गया था। वर्तमान समय में इस यू-ट्यूब चैनल पर 8 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर है और इस यू-ट्यूब चैनल को बच्चे इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी के लिए सबसे बेहतरीन मानते हैं। अलख पांडे सर अपने यू-ट्यूब चैनल के जरिए बच्चों को पढ़ाते हैं। उनका यू-ट्यूब चैनल उनके पढ़ाने के तरीके के कारण बड़ी जल्दी प्रचलित हुआ था। जब यू-ट्यूब चैनल पर चले तो होने लगा तब उन्होंने एक एप्लीकेशन की शुरुआत की और उसके तहत अलग-अलग तरह के कोर्स को लांच किया।

कन्टेंट/ डिजाइन : अजय कुमार शर्मा/विमल सिंह तंवर

## भारतीय शेयर बाजार

# बदल रही है मंदी की फिजा



विमल कोठारी
वरिष्ठ पत्रकार



भारतीय शेयर बाजार में गत पांच सप्ताह से चल रही मंदी को आखिर इस सप्ताह ब्रेक लगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या बाजार में मंदी की फिजा बदल रही है। तकनीकी आंकड़ों का अध्ययन किया जाएं तो इसका उत्तर हां में आता है, लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों-एफआईआई की लगातार बिकवाली इस हां पर प्रश्न भी खड़े कर रही है। विशेषज्ञों की राय है कि आने वाला समय भारतीय शेयर बाजार के लिए अच्छा ही है, जिसे देखते हुए निवेशकों को अच्छे और मजबूत समझी जाने वाली कंपनियों में टुकड़ों में निवेश करना चाहिए, क्योंकि हर मंदी के बाद तेजी आती है और इतिहास गवाह है कि कुछ अपवादों को छोड़कर जब भी तेजी आई है, तब ऐसी कंपनियों के शेयरों ने ही सरपट दौड़ लगाई है।

तकनीकी आधार पर यह कहा जा रहा है कि निफ्टी सूचकांक वर्तमान में अगले सपोर्ट लेवल 19200 से ऊपर 19435 पर है, ऐसी स्थिति में बाजार में अब बदलाव के संकेत मिल रहे हैं, और तेजी की संभावनाएं अधिक नजर आने लगी हैं, अब यदि निफ्टी सूचकांक 19500 अंक को पार कर जाता है तो यह फिर 19600-19,800 के पार भी पहुंच सकता है। पिछले सप्ताह अपने विश्लेषण में मैंने सबसे आगे रहेंगे हम हिंदुस्तानी का जिक्र किया था, इस बात का प्रमाण शेयर बाजार दे भी रहे हैं। इस सप्ताह जब अमेरिकी डाओ जोंस और एसएंडपी इंडेक्स में दो फीसदी, ब्रिटेन के एफटीएसई 100 और जर्मनी के डीएएक्स में करीब दो फीसदी की गिरावट आई है तब भी भारतीय शेयर बाजार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, तो भारतीय बाजारों की मजबूती का इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा। पिछले सप्ताह की बात करें तो 1 सितंबर को समाप्त सप्ताह में बाजार में सुधार दर्ज हुआ। सर्वाधिक पिटाई का सामना कर रही बैंक निफ्टी को भी पिटाई से राहत मिली, लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों-एफआईआई की बिकवाली फिर भी नहीं थमी। एफआईआई ने पिछले सप्ताह भी बिकवाली जारी रखी और 4311.58 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों-डीआईआई ने इससे करीब दुगने 9570.03 करोड़ के शेयरों की खरीद कर एफआईआई की बिकवाली का जवाब दिया।

> बीएसई मिडकैप सूचकांक की बात करें तो इसमें पिछले सप्ताह 2.34 फीसदी की तेजी रही, जबकि बीएसई स्कालकैप में 3.78 फीसदी का सुधार देखा गया है। एनएसई मिडकैप-100 सूचकांक की बात करें तो इसमें भी पिछले सप्ताह 2.53 फीसदी व एनएसई स्कालकैप-100 सूचकांक में 4.36 फीसदी की तेजी रही है। जो आगे बाजार में सुधार की ओर इशारा कर रही है।

आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह बीएसई सूचकांक में 500.65 अंक अर्थात 0.77 फीसदी की तेजी रही और बीएसई सूचकांक 64886.51 अंक से बढ़कर 65387.16 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई सूचकांक में 169.50 अंक अर्थात 0.88 फीसदी का सुधार रहा और एनएसई निफ्टी सूचकांक 19265.80 अंक से बढ़ कर 19435.30 अंक पर बंद हुआ। उधर, बीएसई मिडकैप सूचकांक की बात करें तो इसमें पिछले सप्ताह 2.34 फीसदी की तेजी रही, जबकि बीएसई स्कालकैप में 3.78 फीसदी का सुधार देखा गया है।

> *कारोबारियों का मानना है कि वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, ऑटो, और पावर सैक्टर के अच्छे शेयर आने वाले समय में निवेशकों को बेहतर प्रतिफल दे सकते हैं। इनके पसंदीदा शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, बैंक आफ महाराष्ट्रा, एचपीसीएल, बीपीसीएल, आईओसी, एचएएल, आरईसी, पीएफसी, सूजलोन एनर्जी, अड़ानी पावर, टाटा पावर, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एण्ड महिंद्रा, मारुति आदि कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जिनमें सीमित निवेश किया जा सकता है।*

एनएसई मिडकैप-100 सूचकांक की बात करें तो इसमें भी पिछले सप्ताह 2.53 फीसदी व एनएसई स्कालकैप-100 सूचकांक में 4.36 फीसदी की तेजी रही है। जो आगे बाजार में सुधार की ओर इशारा कर रही है। शनिवार को बंद हुए अमरीकी बाजारों की बात करें तो यहां उतार चढ़ाव का रुख है, जो भारतीय बाजारों की सोमवार को होने वाली शुरुआत के लिए शुभ संकेत भी कहा जा सकता है। उधर, बुलियन बाजार की बात करें तो जयपुर में गत सप्ताह सोने के दामों में 700 रुपए दस ग्राम के सुधार के साथ यह 60,900 हजार रुपए प्रति दस ग्राम, जबकि चांदी 50 रुपए की गिरावट के साथ 75,850 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। सोने की कीमतों में तो सुधार है, लेकिन बाजार में ग्राहकी कमजोर होने के कारण बुलियन बाजार में सोने-चांदी में फिलहाल स्थिरता की उम्मीद ही अधिक है। हालांकि भविष्य में इन दोनों ही धातुओं के प्रति निवेशकों का आकर्षण बढ़ेगा और इसमें सुधार की संभावनाएं अधिक है। बुलियन कारोबारियों का कहना है कि सोना और चांदी अपने नए न्यूनतम स्तर को तय करने का प्रयास कर रहे हैं, अब बाजार में एक-दो हजार रुपए से अधिक की गिरावट नजर नहीं आ रही, अक्टूबर में बुलियन कारोबारी सुधार की उम्मीद लगा रहे हैं। इनका कहना है कि इसके बाद सोना 63-65 हजार और चांदी 72-75 हजार रुपए का न्यूनतम मूल्य तय करने में सफल होंगे। इस सप्ताह में बाजार के रुख की बात करें तो कारोबारियों का कहना है कि दीर्घावधि में भारतीय बाजारों में तेजी की संभावनाएं अधिक हैं, लेकिन मुनाफा वसूली के झटके लगते रहेंगे। कारोबारियों का मानना है कि वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, ऑटो और पावर सेक्टर के अच्छे शेयर आने वाले समय में निवेशकों को बेहतर प्रतिफल दे सकते हैं। इनके पसंदीदा शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, बैंक आफ महाराष्ट्रा, एचपीसीएल, बीपीसीएल, आईओसी, एचएएल, आरईसी, पीएफसी, सूजलोन एनर्जी, अड़ानी पावर, टाटा पावर, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति आदि कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जिनमें सीमित निवेश किया जा सकता है। इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में तीन कंपनियों, रत्नावीर प्रिसेशन इंजीनियरिंग, ज्यूपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स और ई एम एस के आईपीओ निवेश के लिए उपलब्ध होंगे। इसी तरह एसएमई सेक्टर में इस सप्ताह चार नई कंपनियां भी अपना भाग्य आजमाएगी, लेकिन भारी-भरकम प्रीमियम पर जारी होने वाले इन सभी आईपीओ में आवेदन निवेशकों के लिए जोखिम भरा निवेश हो सकता है।

सेबी के पास आने वाले नए आईपीओ आवेदनों की बात करें तो पिछले सप्ताह दो कंपनियों मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज और आईनॉक्स इण्डिया लिमिटेड ने अपने ड्राफ्ट हेरिंग प्रोस्पेक्टस-डीआरएचपी पेश किए हैं। **(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

## व्यंग्य

# नहीं कराना सम्मान!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

चार दशक की साहित्य साधना के बाद मुझे होश आया कि सम्मान तो करवाया ही नहीं। मैंने भागा दौड़ी की तो लोग कहने लगे कि अब तक कहां थे? हमने तो अपने खेमे के सबको निपटा दिया किसी और को पकड़ो! सूखा सा उत्तर पाकर मैं दूसरों के पास गया दूसरों ने भी टरका दिया। फिर हारकर मैं भ्रमर जी के पास पहुंचा। साहित्य के घाघ हैं। सारी ऊंच-नीच का पता है उन्हें।

मुझे देखते ही बोले- 'शर्मा धूप में बाल सफेद कर लिये। कागज काले करते रहे। लेखन के बूते पर सम्मान की आस लगाये बैठे रहे। पहले मिल लेते तो अब तक तो यह सम्मान की धारा भी पार कर लेते। खैर कोई बात नहीं, जागे वहीं सवेरा। अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है। चलो तुम्हारा अमृत सम्मान करवा देंगे। बस थोड़ा सा पेंच है, वह तुम्हें ही भुगतना है।' भ्रमर जी की अंतिम बात मैं समझा नहीं, सो मैंने पूछा- 'क्या भुगतना है? इतना विपुल लिखने के बाद भी मुझे क्या करना पड़ेगा?' भ्रमरजी हंसने लगे, बोले- 'शर्मा, सम्मान-पुरस्कार जोड़-तोड़ के जुगाड़ हैं। तुम साहित्य साधना में लीन रहे, यही तुम्हारा माइनस पाइंट है। लिखने से कुछ नहीं होता। लिखने से किताब छप जायेगी, लेकिन सम्मान के लिए लोगों से लगाकर खाना पड़ता है। लिखने का नशा उतर जाये तो मैं तुम्हें एक पते की बात बताऊं?' 'हां... हां बताइये। मैं आप जो कहेंगे, वह करने को तैयार हूं। साहित्य का सम्मान लिखने से ही तो मिलता है। ग्यारसी लाल जी और कजोड़मल जी जब सम्मान ले सकते हैं तो मैंने कोई घास थोड़े ही खोदी है।'

मैंने कहा तो भ्रमरजी बोले- 'तुमने घास ही खोदी है शर्मा, जिनका तुम उदाहरण दे रहे हो, उन्होंने रोकड़ा खर्च करके सम्मान लिया है। अब पहले वाली बात नहीं है कि वर्क देखा और सम्मान दे दिया। आजकल तो सम्मान-पुरस्कार खुद के जुगाड़ हैं। तुम्हें लेना है तो अपना बजट बताओ, अपनी संस्था के बैनर तले तुम्हारा भी गंगा स्नान हो जायेगा। ग्यारसीलाल और कजोड़मल ने सम्मान के लिए तन-तन और धन तीनों लगा दिये थे। उनकी भक्ति भावना (चमचागिरी) को तुम क्या जानो भैया। भक्ति भावना व पैसे के बूते पर आज वे साहित्य शिरोमणि प्राप्त कर सके हैं। मूल्य बदल गये हैं, युग बदल गया है। अभी देखा नहीं, रामलाल जी जिस अकादमी के अध्यक्ष हैं, उसी से अपना सम्मान करवा लिया। उन्हें पता है, विलंब किया और सम्मान के लिए पापड़ बेलो कार्यक्रम शुरू हो जावेगा। इसलिए मेरी संस्था को धन देवो और सार्वजनिक मंच पर मालाएं पहनकर चहकते फिरो।' भ्रमरजी की बातों से मेरी आंखें खुली की खुली रह गईं, लेकिन समस्या धन की थी। सम्मान के लिए धन कहां से लाऊं। गृहस्थी की गाड़ी ही जब इस महंगाई में नहीं चल पा रही तो यह महंगा सम्मान कैसे प्राप्त करूंगा। मैंने भ्रमरजी से कहा- 'मैं एक-दो दिन में आपसे मिलता हूं।' यह कहकर मैं सीधा किचन में पत्नी की शरण में पहुंचा।

पत्नी बोली- 'क्यों क्या बात है, मुंह लटकाये क्यों खड़े हो?' मैं बोला- 'सम्मान तो बहुत महंगे हो गये। जरा सी लापरवाही से अब पैनल्टी अलग लगेगी। मेरा मतलब सम्मान के लिए धन चाहिए।' पत्नी बोली- 'क्या करोगे सम्मान का। इससे बढ़िया तो बच्चों की फीस चुकाओ। पोते-पोती क्या सोचते होंगे कि बाबा उनके लिए कुछ नहीं करते। सम्मान से कुछ नहीं होता। लिखते-पढ़ते हो, यह कोई कम सम्मान की बात है।' एक ही क्षण में पत्नी ने सम्मान की खुजली मिटा दी। मैं बोला- 'तुम सही कहती हो। ऐसे सम्मान का क्या करेंगे, जो पैसों से मिलते हैं। मैं तो अपनी नई किताब तैयार करता हूं। पत्नी ने कहा- 'मस्त रहो, काम करो। सम्मान तो अब गधों के होने लगे हैं। क्या तुम यही चाहते हो?' मैं चुपचाप रसोई से निकल आया और अपने कमरे में आकर चुपचाप लिखने में लीन हो गया।

## ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव

# टेरी गौ ने फॉक्सकॉन के बोर्ड से दिया इस्तीफा

**बीजिंग।** ताइवान में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टेरी गौ ने फॉक्सकॉन के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। 'एप्पल' को आईफोन की आपूर्ति करने वाली इस कंपनी की स्थापना उन्होंने लगभग 50 साल पहले की थी। टेरी गौ ने एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। आधिकारिक तौर पर होन हाई प्रीसिजन इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड नाम से पंजीकृत कंपनी ने शनिवार देर रात कहा कि इसके पूर्व अध्यक्ष टेरी गौ ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है।

यह अभी स्पष्ट नहीं है कि गौ के फैसले से फॉक्सकॉन के संचालन पर तत्काल क्या प्रभाव पड़ेगा। यह कंपनी 2023 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 में 20वें स्थान रही थी और इसे दुनिया की सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक माना जाता है।

## भारतीय वायु सेना का रण कौशल



*काहिरा। भारतीय वायु सेना इन दिनों मिस्र में आयोजित वायुसेना अभ्यास ब्राइट स्टार में भाग ले रही है। अभ्यास के दौरान भारतीय वायु सेना का एक विमान आईएल-78 एएआर ने मिस्र की वायु सेना के एक विमान में हवा में ईंधन भरा।*

फोटो : पीटीआई

## नॉलेज कॉर्नर: शर्करायुक्त फसलों से किया जा सकता है तैयार

# पेट्रोल की तुलना में काफी सस्ता 'एथेनॉल'

वर्तमान समय में हर किसी को कार चलाना पसंद है। कार चलाने के लिए ईंधन का उपयोग होता है, हालांकि आजकल इलेक्ट्रिक कार भी बाजारों में आने लगी हैं, लेकिन अभी भी अधिकतर कारें पेट्रोल से ही चलती हैं। दरअसल बढ़ती पेट्रोल की दरों के कारण एक तकनीक का उपयोग कर पेट्रोल का विकल्प खोजा गया है। अभी तक जिस पेट्रोल का उपयोग हम करते आए हैं, उसमें कुछ प्रतिशत हिस्सा एथेनॉल का होता है। मगर अब फ्लेक्स फ्यूल के माध्यम से ऐसी कारों का निर्माण किया जा रहा है जो पूरी तरह से एथेनाल पर चलेंगी। इस तरह के ईंधन को पेट्रोल, इथेनॉल या मेथनॉल के मिश्रण से बनाया जाता है। नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं इथेनॉल के बारे में...

### ऐसे बनता है फ्लेक्स फ्यूल

फ्लेक्स फ्यूल ईंधन के तौर पर इथेनॉल को जाना जाता है। इसे गन्ने व मक्के से बनाया जाता है। भारत में इसका उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है, क्योंकि ये फसलें देश में पर्याप्त मात्रा में होती हैं। इथेनॉल की सबसे खास बात ये है कि ये पेट्रोल के मुकाबले काफी सस्ता है, जहां पेट्रोल 100 रुपए लीटर है वहीं इसकी लागत 60 से 70 रुपए तक आती है। इसलिए इसे एक बेहतर विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। फ्लेक्स फ्यूल



शब्द फ्लेक्सिबल फ्यूल का एक संक्षिप्त रूप है। ब्राजील, जर्मनी और फ्रांस जैसे कुछ देश पहले से ही फ्लेक्स फ्यूल और फ्लेक्स-फ्यूल इंजन का उपयोग कर रहे हैं। इसे पर्यावरण के लिए एक क्लीनर के रूप में देखा जाता है, क्योंकि इथेनॉल या मेथनॉल पेट्रोल की तुलना में यह अधिक कुशलता से जलता है, जिससे प्रदूषण कम होता है। भारत में फ्लेक्स-फ्यूल का उपयोग करने से भारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भारत में स्थानीय स्थर पर इसका उत्पादन होने से अन्य देशों पर भारत की निर्भरता कम होगी।

### क्या है एथेनॉल

एथेनाल एक तरह का ईंधन है, जो पेट्रोल के साथ मिलकर काम करता है। पेट्रोल की कीमत से सस्ता होने के कारण भारत सरकार ने साल 2025 तक पेट्रोल में करीब 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण का लक्ष्य रखा है। भारत के अलावा दुनिया के और भी देश इसके इस्तेमाल के लिए प्रयास कर रहे हैं। एथेनॉल एक तरह के अल्कोहल के रूप में काम करता है, जिसे वाहनों के पेट्रोल में मिलाकर गाड़ियों में फ्यूल की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका निर्माण गन्ने की फसल से होता है, लेकिन शर्करा वाली कई अन्य फसलों से भी इसे तैयार किया जा सकता है।

**इसलिए हो रही चर्चा**

*दरअसल कुछ समय पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने टोयोटा इनोवा के एक संस्करण को लॉन्च किया था, जो कि एथेनॉल-फ्यूल संस्करण दुनिया का पहला बीएस-VI (स्टेज-II) विद्युतीकृत फ्लेक्स-फ्यूल वाहन है। साल 2022 में गडकरी ने टोयोटा की मिराई ईवी को पेश किया था, जो पूरी तरह से हाइड्रोजन-जनित बिजली पर आधारित है।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार



**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय, यह है हमारा दृढ़ संकल्प व अटल निश्चय।



**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
हम सभी के पास एक तारीख होती है जिस दिन हम पैदा होते हैं और एक तारीख होती है जिस दिन हम मरेंगे या नष्ट हो जाएंगे। लेकिन नदियां, कोई नहीं जानता कि उनकी जन्म तिथि क्या है, और उनके निधन की कोई तिथि कभी नहीं होनी चाहिए।



**लालू प्रसाद यादव**, पूर्व मुख्यमंत्री
@laluprasadrjd
देश को बचाना है, भाजपा को भगाना है।



**श्री रवि शंकर**, योग गुरु
@Srisri
आध्यात्मिक अभ्यास आपके अंतर्ज्ञान और ऊर्जा स्तर को बढ़ाता है जिससे सभी प्रयासों में सफलता मिलती है।



**अरुण गोविल**, अभिनेता
@arungovil12
अपनत्व ऐसा उपहार है, जिसे देने से समस्त प्राणी अपने हो जाते हैं।

### विधानसभा उपचुनाव: यूपी के मऊ जिले की घोसी सीट से विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने मुकाबले में उतारा एक ही प्रत्याशी

# 'इंडिया' की होगी पहली परीक्षा, BJP और SP में सीधी टक्कर संभव

एजेंसी | लखनऊ

अगामी लोकसभा चुनाव से पहले 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए मतदान 5 सितंबर को होगा जबकि मतगणना 8 सितंबर को है। इन सभी सीटों पर चुनाव प्रचार रविवार को थम गया है। चार सीटों पर विपक्षी गठबंधन इंडिया और राजग के बीच सीधी टक्कर होने की संभावाना है। इसमें उत्तर प्रदेश की घोसी, झारखंड की डुमरी और त्रिपुरा की धनपुर और बॉक्सानगर विधानसभा सीट शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा





सीट 'इंडिया' के एक घटक दल समाजवादी पार्टी और भाजपा नीत राजग के बीच यह पहली चुनावी टक्कर हो रही है। घोसी सीट का मुकाबला बहुत ही अहम माना जा रहा है। घोसी सीट 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के टिकट से विजयी हुए प्रमुख ओबीसी नेता दारा सिंह चौहान के हाल में भाजपा में शामिल होने और पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हुई है। भाजपा ने दारा सिंह को ही अपना उम्मीदवार बनाया है। दारा सिंह ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा सरकार को दलितों-पिछड़ों का विरोधी बताते हुए मंत्री पद से इस्तीफा देकर सपा की सदस्यता ग्रहण की थी। भाजपा उम्मीदवार को राजग के घटक दल अपना दल (सोनेलाल)व अन्य ने समर्थन दिया है।

#### सपा के सुधाकर सिंह हैं मैदान में

सपा ने सुधाकर सिंह को मैदान में उतारा है। सुधाकर सिंह को कांग्रेस, राष्ट्रीय लोकदल, भाकपा, जनवादी सोशलिस्ट, अपना दल (कमेरावादी), माकपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन से समर्थन मिला है। घोसी विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' के गठन के बाद राज्य में होने वाला पहला चुनाव है, इसलिए इसे अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव का पूर्वाभ्यास भी माना जा रहा है। इस चुनाव में बसपा ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। कुल 10 उम्मीदवारों के बीच यहां मुकाबला होना है। अनुमान के मुताबिक, घोसी में 4.37 लाख मतदाताओं में से 90,000 मुस्लिम, 60,000 दलित और 77,000 अगड़ी जाति से हैं जिनमें 45,000 भूमिहार, 16,000 राजपूत और 6,000 ब्राह्मण शामिल हैं।

## मतदान से दो दिन पहले BJP में शामिल हुईं पूर्व MLA रॉय

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी विधानसभा सीट पर मंगलवार को होने वाले उपचुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस की पूर्व विधायक मिताली रॉय रविवार को भाजपा में शामिल हो गईं। मिताली ने 2016 के विधानसभा चुनावों में टीएमसी के टिकट पर जलपाईगुड़ी जिले की धूपगुड़ी सीट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि, 2021 के विधानसभा चुनावों में वह भाजपा के बिष्णु पद रॉय के हाथों यह सीट गंवा बैठी थीं। बिष्णु पद रॉय का 25 जुलाई को निधन होने के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराना जरूरी हो गया। मिताली रॉय भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, जलपाईगुड़ी से सांसद जयंत रॉय, डाबग्राम-फूलबाड़ी से विधायक शिखा चटर्जी, बापी गोस्वामी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं।

#### TMC, BJP व माकपा में त्रिकोणीय मुकाबला

टीएमसी ने धूपगुड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रोफेसर निर्मल चंद्र रॉय को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने 2021 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में मारे गए सीआरपीएफ के जवान की पत्नी तापसी रॉय को उम्मीदवार बनाया है। माकपा ने ईश्वर चंद्र रॉय पर भरोसा जताया है। उपचुनाव में कांग्रेस माकपा के रॉय का समर्थन कर रही है।

## मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध: शिंदे



**मुंबई।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर महाराष्ट्र के जालना जिले में हुई हिंसा के मद्देनजर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार इस समुदाय को शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के बुलढाणा जिले में एक राजकीय समारोह में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने यह भी कहा कि उनके और राज्य के दो उपमुख्यमंत्रियों के बीच कोई गलतफहमी नहीं है और वे सभी एक अच्छी टीम के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जब तक मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिल जाता, तब तक पहले से क्रियान्वित सरकारी योजनाएं जारी रहेंगी और मराठा समुदाय के पात्र लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र में जन संवाद यात्रा की शुरू

**मुंबई।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने लोगों तक पहुंचने, अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और बेरोजगारी व महंगाई जैसे मुद्दों के माध्यम से केंद्र और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की गलत नीतियों को उजागर करने के लिए रविवार को राज्य में अपनी 'जन संवाद यात्रा' शुरू की। हालांकि, जालना जिले में मराठा आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस के लाठीचार्ज के बाद क्षेत्र में तनाव रहने के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस ने मराठवाड़ा के सभी आठ जिलों-औरंगाबाद, उस्मानाबाद, जालना, बीड, लातूर, नांदेड़, हिंगोली और परभणी में अपनी 'जनसंवाद यात्रा' स्थगित कर दी। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने पूर्वी विदर्भ के वर्धा जिले से पार्टी के जन संपर्क कार्यक्रम की शुरुआत की।


### एक देश, एक चुनाव: विरोध मुखर... काम हुआ शुरू

# कोविंद से कानून मंत्रालय के अफसरों ने की मंत्रणा

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा, राज्य विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की संभावना पर विचार करने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति कामकाज में जुट गई है। केंद्रीय कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। कोविंद इस समिति के अध्यक्ष हैं। सरकार ने शनिवार को आठ सदस्यीय समिति के गठन को अधिसूचित किया था।

दूसरी ओर सरकार की इस पहल के विरोध के सुर भी मुखर हो रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला है। सूत्रों ने बताया कि विधि सचिव नितेन चंद्रा, विधायी सचिव रीता वशिष्ठ और अन्य ने रविवार दोपहर को यह समझने के लिए कोविंद से मुलाकात की कि वह समिति के समक्ष एजेंडे पर किस तरह आगे बढ़ेंगे। चंद्रा उच्च स्तरीय समिति के सचिव भी हैं, वशिष्ठ का विभाग चुनाव के मुद्दे, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और संबंधित नियमों से संबंधित है।



#### एक देश-एक चुनाव से आम आदमी को क्या मिलेगा: अरविंद केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'एक देश, एक चुनाव' के औचित्य पर रविवार को सवाल उठाते हुए कहा कि इससे आम आदमी को क्या मिलेगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' एक पोस्ट में कहा, देश के लिए क्या जरूरी है? एक देश एक चुनाव या एक राष्ट्र एक शिक्षा (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसी अच्छी शिक्षा), एक देश, एक इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज)।एक देश एक चुनाव से आम आदमी को क्या मिलेगा?

#### समिति एक रस्मी कवायद: कांग्रेस

इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, "इंडिया भारत है और यह राज्यों का संघ है। एक देश, एक चुनाव का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला है। वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर अपने पोस्ट में कहा, एक देश, एक चुनाव पर उच्चस्तरीय समिति एक रस्मी कवायद है, जिसका वक्त अत्यधिक संदिग्ध है। इसकी संदर्भ शर्तों ने पहले ही अपनी सिफारिशें निर्धारित कर दी हैं। ज्ञात रहे कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार रात समिति में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को समिति में शामिल नहीं करने को लेकर भी निशाना साधा। सरकार ने खरगे की जगह राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद को समिति में शामिल किया है।

## उत्सव मोड से बाहर आए राज्य सरकार: कमलनाथ



**भोपाल।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को उत्सव मोड से बाहर आने और कम बारिश के कारण राज्य में मंडरा रहे भीषण सूखे की स्थिति को देखते हुए किसानों को राहत प्रदान करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। कमलनाथ का यह बयान चौहान द्वारा राज्य के लोगों से बारिश के लिए प्रार्थना करने का आग्रह करने के एक दिन बाद आया है। राज्य में अधिकांश जलाशय अभी तक नहीं भरे हैं। कमलनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, प्रदेश में इस बार भीषण सूखे की स्थिति बन रही है। प्रदेश के अधिकांश हिस्से में कम वर्षा हुई है। जलाशयों में पानी पूरी तरह से नहीं भर पाया है। फसलें सूख रही हैं। प्रदेश की अधिकांश किसान आबादी इससे सीधी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि वह उत्सव मोड से बाहर आएं और तत्काल सर्वेक्षण कार्य शुरू कर किसानों को राहत देने की व्यवस्था करें।

### तेलंगाना विधानसभा चुनाव

# कांग्रेस और वाम दलों के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन की कोशिश

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना में माकपा और भाकपा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन की कोशिश कर रही हैं। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव नीत भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) द्वारा राज्य की कुल 119 विधानसभा सीट में से 115 के लिए उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद हुआ है। बीआरएस द्वारा उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही वाम दलों की उम्मीद भी टूट गई, जो सत्तारूढ़ दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने का प्रयास कर रहे थे।

वाम दलों ने पिछले साल नवंबर में मुनुगोडे में हुए उपचुनाव में बीआरएस उम्मीदवार का समर्थन किया था। बीआरएस उम्मीदवार की जीत के बाद केसीआर ने भाकपा और माकपा को समर्थन देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा था कि भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए यह दोस्ती आगे भी जारी रहेगी। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने हैं। माकपा की तेलंगाना इकाई के सचिव तम्मीनेनी वीरभद्रम ने कहा कि कांग्रेस के तेलंगाना प्रभारी माणिकराव ठाकरे से गठबंधन पर चर्चा के लिए



निमंत्रण मिला है। हालांकि, उन्होंने कहा कि औपचारिक बातचीत अभी होनी बाकी है। वीरभद्रम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, उन्होंने हमें न्योता दिया है। हमने उन्हें स्पष्ट करने को कहा है कि वे हमें क्या पेशकश करने जा रहे हैं। वार्ता उनकी ओर से हमें क्या पेशकश की जाती है, इसपर निर्भर करेगी। हमारा लक्ष्य भाजपा का मिलकर मुकाबला करने का है।

माकपा और भाकपा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पांच-पांच सीट की मांग कर रही हैं। हालांकि, जिन दो सीट पर वे दावेदारी कर रही हैं, उनपर वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं। कांग्रेस, वाम दल और तत्कालीन तेलंगाना राष्ट्र समिति ने 2004 के आम चुनावों से पहले गठबंधन किया था और अविभाजित आंध्र प्रदेश की सत्ता में आई थी। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई ने विधानसभा चुनाव के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना शुरू कर दिया है।

### पश्चिम बंगाल: विवि कर्मियों को राजभवन का निर्देश

# सरकार के नहीं, कुलपतियों के निर्देशानुसार करें काम

एजेंसी | कोलकाता

कुलपतियों को उनके संबंधित विश्वविद्यालयों के प्रधान कार्यकारी अधिकारी बताते हुए यहां राजभवन ने रविवार को कहा कि इन संस्थानों के अन्य अधिकारी उनकी (कुलपतियों की) मंजूरी के बिना सरकार से सीधे आदेश नहीं लेंगे, या उन्हें लागू नहीं करेंगे।

पश्चिम बंगाल में राज्यपाल सी वी आनंद बोस द्वारा राज्य के विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति किए



जाने को लेकर राजभवन और तृणमूल कांग्रेस सरकार के बीच तकरार जारी रहने के बीच यह निर्देश जारी किया गया है। राज्यपाल सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है, कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यकारी अधिकारी होगा और विश्वविद्यालयों के अन्य सभी प्राधिकारी संबंधित कुलपतियों के निर्देशों के अनुसार कार्य करेंगे। विश्वविद्यालय के अधिकारियों को कुलपतियों द्वारा जारी आदेशों को लागू करना है और उन्हें कुलपति की जानकारी एवं मंजूरी के बिना सरकार से सीधे आदेश लेने या या उन पर अमल करने का अधिकार नहीं है।

## जिला स्तरीय यात्राओं का आयोजन करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस द्वारा बीते वर्ष सात सितंबर को कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई 'भारत जोड़ो यात्रा' के एक वर्ष पूरा होने के मौके पर जिला स्तर पर यात्राएं निकालने की योजना है। राहुल ने 7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से यात्रा की शुरुआत की थी, जो इस वर्ष 30 जनवरी को श्रीनगर में समाप्त हुई थी। उन्होंने श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में संबोधन में कहा था, मैंने ये (यात्रा) अपने लिए या कांग्रेस के लिए नहीं की, बल्कि देश के लोगों के लिए की है। हमारा मकसद उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है, जो देश की बुनियाद को नष्ट करना चाहती है।

## लाठीचार्ज के विरोध में धरना-प्रदर्शन



*मुंबई। महाराष्ट्र के जालना जिले में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज के विरोध में रविवार को जालना प्रशासन के खिलाफ मुंबई में विरोध प्रदर्शन करते सकल मराठा समाज के कार्यकर्ता।* -पीटीआई

### तमिलनाडु के मंत्री के सनातन धर्म पर बिगड़े बोल

# सनातन धर्म समानता के खिलाफ: उदयनिधि, यह संस्कृति पर हमला: नड्डा

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक की युवा इकाई के सचिव एवं राज्य के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए एक बयान पर बवाल हो गया है। उदयनिधि ने सनातन धर्म को 'समानता एवं सामाजिक न्याय' के खिलाफ बताते हुए कहा था कि इसका उन्मूलन किया जाना चाहिए।

भाजपा व विहिप समेत कई संगठनों ने उदयनिधि के बयान की तीखी आलोचना की है। उदयनिधि ने तमिलनाडु प्रगतिशील लेखक एवं कलाकार संघ की शनिवार को यहां आयोजित बैठक को तमिल में संबोधित करते हुए सनातन धर्म का उल्लेख 'सनातनम' के तौर पर किया। उन्होंने आयोजकों को 'सनातन का विरोध' के बजाय 'सनातन का उन्मूलन' विषय चुनने के लिए प्रशंसा की। उदयनिधि ने आरोप लगाया कि सनातन ने महिलाओं को गुलाम बनाया और उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा, सनातन ने महिलाओं के साथ क्या किया? इसने विधवा महिलाओं को आग (सती प्रथा का संदर्भ देते हुए)में झोंक दिया, विधावाओं का मुंडन करा दिया और उन्हें सफेद साड़ी पहनने को मजबूर किया, बाल विवाह भी हुआ। इसके बाद उन्होंने द्रविड़ शासन मॉडल और उसके शासन में हुए सुधार गिनाए।

#### क्या बोले थे उदयनिधि

उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू वायरस एवं मच्छरों से होने वाले बुखार से करते हुए कहा कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्मूलन किया जाना चाहिए। "सनातनम क्या है? यह संस्कृत भाषा से आया शब्द है। सनातन समानता और सामजिक न्याय के खिलाफ होने के अलावा कुछ नहीं हैं। सनातन का क्या अभिप्राय है? यह शास्वत है, जिसे बदला नहीं जा सकता, कोई सवाल नहीं कर सकता है और यही इसका मतलब है। उन्होंने आरोप लगाया कि सनातन ने लोगों को जातियों के आधार पर बांटा।



## भाजपा ने विपक्षी गठबंधन व उदयनिधि पर साधा निशाना

भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने उदयनिधि के बयान को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया पर सियासी प्रहार किया है। उन्होंने चित्रकूट में पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा को रवाना करने से पहले कहा कि 'घमंडिया गठबंधन' के सबसे बड़े घटक द्रमुक के नेता एम के स्टालिन का बेटा उदयनिधि स्टालिन उद्घोष करता है कि वे सनातन धर्म को खत्म कर देंगे। ऐसे घमंडिया गठबंधन को रहने का अधिकार है क्या? क्या सनातन को ऐसे समाप्त होने देंगे? उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर 'घृणा' एवं 'नफरत' फैलाने और भारत की संस्कृति एवं परंपरा पर हमला करने का आरोप लगाते हुए लोगों से इसे खारिज करने की अपील की।




#### नड्डा का सवाल-क्या मुंबई में यही रणनीति तय की गई

नड्डा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर तंज कसते हुए कहा, 'क्या मुंबई में (इनकी) यही रणनीति तैयार हुई है? क्या सनातम धर्म को समाप्त करना ही इनकी रणनीति है? भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि उदयनिधि की इस टिप्पणी ने विपक्ष के असली चरित्र को उजागर कर दिया है। यह बयान उनके द्वारा अलग से नहीं दिया गया, बल्कि इसकी एक पूरी श्रृखला है। उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट है कि उनका प्राथमिक एजेंडा हिंदू धर्म, सनातन धर्म का पूर्ण उन्मूलन है। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने भी द्रमुक सरकार के मंत्री को उनकी दुर्भावनापूर्ण विचारधारा के लिए आड़े हाथ लिया।

## जरूरी खबर

### सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हालत स्थिर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को हल्के बुखार की शिकायत के बाद दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। एक वरिष्ठ डॉक्टर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सोनिया को शनिवार शाम मध्य दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें हल्का बुखार है, लेकिन उनकी हालत ठीक है। चिकित्सकों की एक टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर रख रही है।

### जिंदल के पासपोर्ट को रिन्यू करने की दी अनुमति



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कोयला घोटाला मामले में आरोपी कांग्रेस नेता और उद्योगपति नवीन जिंदल के पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए अनापत्ति दे दी है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय ने अर्जी का विरोध नहीं किया। जिंदल के पासपोर्ट की वैधता अवधि अगले साल मई में खत्म हो जाएगी। इस बीच, विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने कहा, आदेश केवल अनापत्ति के लिए था और जिंदल के पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए किसी प्राधिकारी को कोई निर्देश नहीं दिया गया है। न्यायाधीश ने दो सितंबर को पारित आदेश में कहा कि अदालत आरोपी के पासपोर्ट के नवीनीकरण को लेकर इसे 10 साल की पूरी अवधि की वैधता के साथ अनापत्ति देना उचित समझती है।

### राजौरी में आईईडी हमले की साजिश को किया नाकाम

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार को एक शक्तिशाली आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का समय रहते पता चलने से एक बड़े हमले की साजिश नाकाम हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना के एक दल को तड़के करीब पौने पांच बजे सांगपुर गांव में जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के किनारे रखे टिफिन के एक डिब्बे में यह आईईडी मिला। बम निरोधक दस्ते ने आईईडी वाले स्थान पर पहुंचकर सुबह करीब सवा आठ बजे इसे निष्क्रिय कर दिया।

## शांति के लिए प्रार्थना




*दीमापुर। मणिपुर में हाल में हुई जातीय हिंसा के मद्देनजर राज्य में शांति स्थापना के लिए रविवार को नगालैंड के दीमापुर में प्रार्थना करते लोग। लोगों ने प्लेकार्ड और मोमबतियां हाथों में ले रखी थीं।* -पीटीआई

## नौ सेना के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन आज से



**नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता के बीच भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडर आज से शुरू होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत की समुद्री सुरक्षा चुनौतियों और तीनों सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बढ़ाने के तरीकों की व्यापक समीक्षा करेंगे। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन और एनएसए, थलसेना और वायुसेना के प्रमुखों के साथ बातचीत का उपयोग अभियानगत माहौल का विश्लेषण करने, सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल के मुद्दे पर विचार-विमर्श करने व समुद्री बलों की तैयारी का आकलन करने के लिए भी किया जाएगा।

### पीएम मोदी का UN में सुधार का आह्वान, कहा...

# यह 21वीं सदी, 20वीं सदी का रवैया नहीं चल सकता

एजेंसी | नई दिल्ली

विश्व की बदलती सच्चाइयों के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जोरदार वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी में 20वीं शताब्दी के मध्य का रवैया नहीं चल सकता तथा संरा में इस प्रकार सुधार होने चाहिए ताकि सभी पक्षों का संरा में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

पिछले सप्ताह 'पीटीआई-भाषा' को दिये विशेष साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि जी-20 ऐसी संस्था है जिसे परिणामों और कार्रवाई की उम्मीद में बैठे कई देशों द्वारा उम्मीद के तौर पर देखा जा रहा है, भले ही वे कहीं से भी प्राप्त हों। जी-20 का वर्तमान अध्यक्ष होने के नाते भारत, नई दिल्ली में 9-10 सितंबर को इस प्रभावशाली समूह की प्रमुख वार्षिक बैठक की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, विश्व आज बहुध्रुवीय है जहां नियमों पर आधारित ऐसी व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण है जो सभी सरोकारों के लिए जायज और संवेदनशील हो। बहरहाल, संस्थाएं तभी प्रासंगिक रह सकती हैं जब वह बदलते समय के अनुरूप परिवर्तित हों। मोदी ने करीब 80 मिनट तक चले साक्षात्कार में कहा, यदि समय रहते इस दिशा में कार्रवाई नहीं की जाती है तो छोटे या क्षेत्रीय मंच अधिक महत्वपूर्ण आकार लेने लगते हैं।' भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र, विशेषकर संरा सुरक्षा परिषद में सुधार पर बल देता आ रहा है। नयी दिल्ली, सुरक्षा परिषद सुधार को लेकर अंतर सरकारी बातचीत में सार्थक तेजी नहीं आने को लेकर विशेष रूप से खिन्न है। भारत संरा सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का एक मजबूत दावेदार है।



### अफ्रीकी देशों को शामिल करने का समर्थन

पीएम ने यह भी कहा कि भारत 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले इस समूह में अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन करता है क्योंकि सभी आवाजों को प्रतिनिधित्व और स्वीकार्यता मिलने तक दुनिया के भविष्य के लिए कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती।

### एक अरब भूखे पेट से दो अरब कुशल हाथ तक

पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि 'सबका साथ- सबका विकास' मॉडल विश्व के कल्याण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत हो सकता है। दुनिया का जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण, अब मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में बदल रहा है। उन्होंने कहा, जीडीपी का आकार चाहे जो भी हो, हर आवाज मायने रखती है। लंबे समय तक, भारत को एक अरब से अधिक भूखे पेट वाले लोगों के देश के रूप में जाना जाता था। लेकिन अब, भारत को एक अरब से अधिक महत्वाकांक्षी मस्तिष्क, दो अरब से अधिक कुशल हाथों और करोड़ों युवाओं के देश के रूप में देखा जा रहा है।

### संसद का विशेष सत्र

## 'इंडिया' के सांसद कल करेंगे रणनीति पर मंथन

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद के आगामी विशेष सत्र के लिए अपनी संयुक्त रणनीति पर चर्चा करने के वास्ते विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के सांसद पांच सितंबर को बैठक करेंगे।संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र का एजेंडा अभी तक स्पष्ट नहीं है। विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां राजाजी मार्ग स्थित अपने आवास पर यह बैठक बुलाई है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों के सांसदों की एक बैठक भी बुलाई है।



## गणपति चले लाल बाग



*मुंबई। महाराष्ट्र में गणेश चतुर्थी की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाने लगी हैं। प्रसिद्ध लालबाग पंडाल में विराजमान करने के लिए गणेश जी प्रतिमा को लेकर जाते श्रद्धालु।*

# वैश्विक नेताओं को परोसे जाएंगे बाजरे से बने व्यंजन

G20 विश्व मंच पर भारत की नई धमक

एजेंसी | नई दिल्ली

जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन सहित दुनिया के कई देशों के नेता भारत आ रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद करने और नेताओं के खान-पान का विशेष ख्याल रखने की तैयारी जोरों पर जारी हैं। विदेशी मेहमानों को बाजरे से बने व्यंजन और चांदनी चौक में मिलने वाले स्वादिष्ट 'स्ट्रीट फूड' आदि परोसे जाने की योजना है। शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए 10,000 से अधिक प्रतिनिधियों के दिल्ली आने की संभावना है।



भारत मंडपम परिसर में जी20 बगीचा बनाए जाने के उद्देश्य से वैश्विक नेता अपने-अपने देशों के राष्ट्रीय वृक्ष के पौधे भी यहां रोपेंगे। जी20 इंडिया के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी ने कहा कि वैश्विक नेता और प्रतिनिधि जिन होटलों में ठहरेंगे, वहां बाजरे से बने ज्यादा से ज्यादा नए व्यंजन तैयार करने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले नेताओं और प्रतिनिधियों को दिए जाने वाले उपहारों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए देश की हस्तशिल्प, कपड़ा और चित्रकला परंपराओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था पर परदेशी ने कहा कि दिल्ली पुलिस विभिन्न देशों की आधुनिक टीम के साथ समन्वय कर रही है और विदेशी नेताओं एवं प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा आवश्यकताओं तथा चिंताओं को ध्यान में रखा गया है।

### जीवनसाथियों के लिए दोपहर का भोज होगा जयपुर हाउस में

सम्मेलन में हिस्सा लेने आए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों के जीवनसाथियों को ऐतिहासिक जयपुर हाउस में दोपहर का भोज दिया जाएगा।जिसमें बाजरे से बने व्यंजन परोसे जाएंगे। जयपुर हाउस में राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी (एनजीएमए) भी है, जिसमें पेंटिंग, मूर्तियां, तस्वीरें आदि शामिल हैं। यह गैलरी संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आती है।

### कला संग्रहालय की सुरक्षा सीआईएसएफ के हवाले होगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभाव से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सशस्त्र टुकड़ी तैनात करने का आदेश दिया है एनजीएमए आधुनिक एवं समसामयिकी कला का प्रमुख कला संस्थान है जो दिल्ली के मध्य में इंडिया गेट के नजदीक आठ एकड़ के क्षेत्र में फैला है। लगभग 50 सशस्त्र और कमांडो प्रशिक्षण से लैस सीआईएसएफ के पुरुष और महिला कर्मी परिसर की सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे।

### 300 से अधिक इंटरसिटी व एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन होगा प्रभावित

उत्तर रेलवे ने 300 से अधिक इंटरसिटी और एक्सप्रेस ट्रेन की सूची जारी की है, जिनका परिचालन दि जी20 शिखर सम्मेलन के कारण प्रभावित रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जारी परामर्श के मद्देनजर इन ट्रेन को आठ से 11 सितंबर के बीच या तो रद्द कर दिया गया है या फिर इनके मार्ग या गंतव्य स्थान में परिवर्तन किया गया है। यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए जम्मूतवी-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, तेजस राजधानी हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, वाराणसी-नई दिल्ली एक्सप्रेस सहित 70 ट्रेन के रुकने के लिए अतिरिक्त स्टेशन निर्धारित किए गए हैं।




### आवारा कुत्तों को क्रूर तरीके से उठाया गया

पशु अधिकार समूह 'पीपल फॉर एनिमल्स' ने रविवार को दावा किया कि बगैर किसी लिखित आदेश के आवारा कुत्तों को अवैध तरीके से पकड़ना शुरू किया है, जिनमें से अधिकतर की नसबंदी पहले ही हो चुकी है।


### सूर्य मिशन: इसरो ने सफलतापूर्वक बदली उपग्रह की कक्षा

# आदित्य L-1 ने सूरज की ओर बढ़ाया एक और कदम

एजेंसी | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि देश के पहले सूर्य मिशन 'आदित्य एल1' की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित पहली प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है।

इसरो के मुताबिक, इस प्रक्रिया को यहां स्थित इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) से अंजाम दिया गया। अब यह 235 x19500 किलोमीटर की कक्षा से नई कक्षा 245 किलोमीटर x 22,459 किलोमीटर में पहुंच गया है। इसे आसान भाषा में यूं समझिए कि नए ऑर्बिट में पृथ्वी का निकटतम बिंदु 245 किलोमीटर होगा, जबकि अधिकतम दूरी पर स्थित बिंदु 22,459 किलोमीटर होगा। इससे पहले के ऑर्बिट में पृथ्वी का निकटतम बिंदु 235 किलोमीटर और अधिकतम बिंदु 19500 किलोमीटर था। इसरो ने यह भी कहा कि 'आदित्य एल1' उपग्रह एकदम ठीक है और यह समान्य ढंग से काम कर रहा है। आदित्य एल1' को शनिवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया गया था। एल1 का मतलब 'लैग्रेंज प्वाइंट 1' है, जहां अंतरिक्ष यान को स्थापित किया जाएगा। इसरो ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में बताया कि कक्षा संबंधी अगली प्रक्रिया पांच सितंबर, 2023 को भारतीय समयानुसार देर रात लगभग तीन बजे के लिए निर्धारित है। इसने कहा, ''आदित्य-एल1 मिशन : उपग्रह एकदम ठीक है और सामान्य ढंग से काम कर रहा है। पृथ्वी की कक्षा से संबंधित पहली प्रक्रिया (ईबीएन#1) आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक निष्पादित की गई। प्राप्त की गई नई कक्षा 245 किलोमीटर x 22,459 किलोमीटर है। मिशन का लक्ष्य सूर्य-पृथ्वी 'एल1' बिंदु पर भारत की पहली सौर वेधशाला स्थापित कर सूरज के बाहरी वातावरण का अध्ययन करना है।




### सौर पैनल सक्रिय, विद्युत उत्पादन शुरू

सौर पैनल के सक्रिय होने के बाद उपग्रह ने विद्युत ईंधन पैदा करना शुरू कर दिया। इसरो के अनुसार, आदित्य-एल1 पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर रहकर सूर्य का अध्ययन करेगा। यह दूरी पृथ्वी और सूर्य की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है। अंतरिक्ष एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि यान न तो सूर्य पर उतरेगा और न ही सूर्य के और करीब जाएगा।

### 125 दिनों में पूरा होगा सफर

इसरो के मुताबिक, सूर्य के करीब एल1 बिंदु तक पहुंचने के लिए 15 लाख किलोमीटर का सफर पूरा करने में आदित्य-एल1 को 125 दिन लगेंगे। एल1 सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के बीच एक बिंदु है, जहां पर सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण एक दूसरे को संतुलित कर देते हैं। इस स्थान पर किसी वस्तु को पहुंचा दिया जाए तो वहां पर स्थिर रहती है। इस बिंदु की दूसरी खासियत है कि यहां से सूर्य के कोरोना (बाहरी परत) को सीधे देखा जा सकता है। धरती से इसे केवल टेलिस्कोप के जरिए सिर्फ सूर्यग्रहण के दिनों में ही देखा जा जकता है।

### लुलु समूह के CMD अली की घोषणा

# दिव्यांग बच्चों की संस्था को हर साल देंगे 1 करोड़

■ मृत्यु के बाद भी मिलती रहेगी यह राशि

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

दुर्लभ और दिल को छू लेने वाला कदम उठाते हुए लुलु समूह के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एम ए यूसुफ अली ने वादा किया है कि वह यहां दिव्यांग बच्चों के एक कला केंद्र को हर वर्ष एक करोड़ रुपए का दान देते रहेंगे और आश्वस्त किया कि यह राशि उनकी मृत्यु के बाद भी हर साल संस्था को मिलती रहेगी। इसके साथ ही पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित अली ने डिफरेंट आर्ट्स सेंटर (डीएसी) को 1.5 करोड़ रुपए का दान दिया। यह संस्थान दिव्यांग बच्चों के कला कौशल को पहचानने और निखारने के लिए काम करती है। अली ने कासरगोड के डायवर्सिटी रिसर्च सेंटर के 'लोगो' को जारी करने के लिए यहां संस्थान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में आठ लाख से अधिक दिव्यांग बच्चे हैं। यह सुनिश्चित करना हमारा सामाजिक दायित्व भी है कि इन बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले।



## गदर-2 के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने मूवी की सक्सेस और जर्नी की शेयर

# सिनेमा फिर से जिंदा हो गया

*बेधड़क. जयपुर। क्या गदर-3 भी बनाई जाएगी? जब यह सवाल गदर-2 के डायरेक्टर अनिल शर्मा से किया गया तो उन्होंने इशारा करते हुए कहा कि फिल्म में पहले ही लिख दिया गया है टू बी कंटीन्यू। ऐसे में कन्फर्म है कि आगामी दिनों में गदर-3 भी देखने को मिलेगी। गौरतलब है कि शर्मा जयपुर में गदर-2 की सक्सेस और जर्नी शेयर कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा आज की दुनिया आंकड़ों से चलती है। धन को सबको अच्छा लगता है। फिल्म चलती है और धन आता है तो पब्लिक के प्यार की वजह से आता है। लोग 200 रुपए की टिकट में 2000 का आनंद लेते हैं तो ऐसे आंकड़े आते हैं। गदर-2 पर प्यार की वर्षा हो रही है। मेरा मानना है कि 50 करोड़ लोग धीरे-धीरे गदर-2 देखेंगे और ये आकड़े और आगे जाएंगे। मुझे यकीन था कि 500 करोड़ तक मूवी पहुंचेगी।*

### देश में चल रहा है फिल्मी उत्सव

उन्होंने कहा कि यह फिल्म का उत्सव है। पूरे भारत में उत्सव मनाया जा रहा है। पहली बार ऐसा लगा रहा है कि पूरी इंडस्ट्री बहुत खुश है और सब एक-दूसरे की तारीफ कर रहे हैं। लोगों को लग रहा है कि सिनेमा फिर से जिंदा हो गया है। सिंगल स्क्रीन भी चल पड़े हैं।

### मैं बेटे की वजह से पहचाना जाऊं

अनिल शर्मा ने बेटे उत्कर्ष पर भी बात की और कहा कि हर पिता को अच्छा लगता है कि उसकी औलाद आगे बढ़े। बस मैं यही चाहता हूं कि अभी तक अनिल शर्मा के नाम से उसे पहचाना जाता है, लेकिन एक दिन आए जब उत्कर्ष के नाम से मुझे पहचाना जाए।



### पुरानी भावनाएं लाना महत्वपूर्ण था

उन्होंने कहा गदर-2 की योजना बना रहा था तो पहली 'गदर की वजह से दबाव था, क्योंकि वह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आई थी और दर्शक 2 दशक बाद भी उसी कहानी से कनेक्ट थे। गदर 2 में उसी भावना और पुरानी यादों को लाना महत्वपूर्ण था।

### लोग बोलते थे-अनिल शर्मा और सनी देओल खत्म हो चुके हैं

लोगों ने कहा अनिल और सनी खत्म हो गए हैं। इनके पास गदर का झुनझुना है बस उसे बजाते हैं। सच ये है कि हमने गदर टाइटल को भुनाने की नहीं सोची थी। भुनाते तो 15-18 साल पहले अनाउंस कर देते। हमने सोचा था कि जब तक 100 प्रतिशत पुश्ता कहानी नहीं मिलेगी, तब तक नहीं बनाएंगे। 3 साल पहले कहानी आई और फिल्म अनाउंस कर दी। प्रोमो के टाइम भी लोगों ने कई कमेंट किए। वीएफएक्स पर भी बात की, लेकिन इसमें वीएफएक्स न के बराबर है। सब रियल करने की कोशिश की गई है।



### मुझे उम्मीद थी बड़ी हिट होगी

जब पहली गदर बनी थी तो 17 करोड़ लोगों ने देखी थी। मैं जानता था, कि 5 करोड़ लोग आज भी एक्टिव होंगे और गदर देखने जाएंगे। पहले कह दिया था कि 500 करोड़ का बिजनेस जरूर होगा और ईशवर ने शायद मेरी बात सुन ली।

### स्ट्रेटजी नहीं थी हैंडपंप नहीं उखाड़ना

उन्होंने गदर-2 में हैंडपंप नहीं उखाड़ने के सीन को स्ट्रेटजी नहीं बताया। उनका कहना था कि स्क्रिप्ट स्ट्रेटजी से नहीं लिखी जाती है, बल्कि दिल से लिखी जाती है। तारा सिंह के किरदार के साथ चल रहे थे। तारा सिंह को तंत्र कथा के किरदार की तरह लिया है। वह एक कहानी बन गया है। हमने सोचा था कि पाकिस्तान में ऐसी कहानी चल रही होगी कि हैंडपंप उखाड़ना आदि। ऐसे में सिर्फ डर दिखाना जरूरी था।

### लोग करते हैं ऑस्कर की बात

शर्मा ने बातचीत में बताया कि लोग फिल्म को ऑस्कर में भेजने के लिए बार-बार फोन कर रहे हैं। 'गदर 2' को अवार्ड के लिए जाना चाहिए, क्योंकि फिल्म इसकी हकदार है। मुझे आत्मिक संतोष है कि मेरी फिल्म किसी की रोजी रोटी के काम आई।

फोटो: पंकज शर्मा

## City इवेंट्स

### कृतिका देसाई ने अपनी फिल्म 'मेरी लाजों सरपंच' का जयपुर में किया प्रमोशन



**बेधड़क, जयपुर।** जब 80 के जमाने में टीवी सीरीयल्स आने लगे और पॉपुलर हो गया तो बॉलीवुड की पूरी नजर उसी पर थी कि ये टीवी उनको खत्म कर देगा। मैं एक किस्सा सुनाती हूं। एक बार बुनियाद के समय हम सब एक प्रोग्राम में मिथुन चक्रवर्ती के साथ थे। एक टीवी एक्टर ने उनसे कहा कि देखा दादा क्या फेम है हमारा। ऐसे में मिथुन ने उस एक्टर से कहा, भले ही तुमको लोग घर पर फ्री में देखते हैं, लेकिन हमारे लिए घर से बाहर आकर, तैयार होकर, ऑटो-बस पकड़कर सिनेमा में लोग देखने आते हैं। ऐसे में यह कहा जा सकता है, कि हर दौर में उतार-चढ़ाव आते हैं, लेकिन सबका अपना-अपना स्थान है। टीवी और बॉलीवुड पर यह सवाल-जवाब एक्ट्रेस कृतिका देसाई के थे, जो उन्होंने जयपुर में अपनी मूवी मेरी लाजो सरपंच के प्रमोशन के दौरान कहे। द्दश सिने प्रोडक्शंस की ओर से फिल्म स्क्रीनिंग जयपुर में की गई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे सामाजिक मुद्दें को मूवी में दर्शाया गया है। स्क्रीनिंग के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर समाज कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन अर्चना शर्मा मौजूद थीं। एडिशनल डीएसपी आईपीएस रानू शर्मा समेत भवानी निकेतन कॉलेज से 650 गर्ल्स ने फिल्म का आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान फिल्म से जुड़े 25 टीम मैंबर्स और एसोसिएट्स का सम्मान किया गया। द्दश्य सिने प्रोडक्शन से प्रोड्यूसर तपेश कोटिया ने बताया कि फिल्म में जयपुर का टैलेंट मंजरी सक्सेना, जाह्नवी सोनी, हिमांशी और चाइल्ड आर्टिस्ट आरोही और अविका अहम किरदारों में हैं।

### शिविर में 116 यूनिट रक्तदान



**बेधड़क, जयपुर।** झोटवाड़ा के कालवाड़ रोड पर खेली वाला पंखा स्थित श्री राम हनुमान मंदिर में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 116 यूनिट एकत्र हुआ। आयोजक मनीष डाबी ने बताया कि कार्यक्रम में जितेंद्र मारवाल, रेखा कुमावत, सौरभ गुप्ता, आशीष खंडेलवाल और भवानी शंकर शर्मा सहयोगी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम चेयरमैन राम किशोर प्रजापत और जयपुर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरवंशी ने किया। इस अवसर पर सचिन भाटी, निहाल शर्मा, अतुल वर्मा, अंकित वैष्णव, मनीष कोटियां, चेतन शर्मा, रितेश शर्मा, अंसार अली, दीपेंद्र शेखावत और सरवन पाराशर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अनिल कट्टा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बदल गया कलेवर, वही रहेंगे तेवर

## नए अंदाज में 'बेधड़क' दिखाएंगे न्यूज चैनल पर चुनावों का 'सच'

■ फाउंडर शर्मा ने कहा कि नव सृजन के बिना सृष्टि का भी निर्माण नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

बेधड़क' न्यूज चैनल अब नए व अलग कलेवर में दिखाई देगा। चुनावी माहौल में नई तरह और तकनीक से खबरें बनाई और चलाई जाएंगी। इस दौरान हर पॉइंट को जनता के हित को देखते हुए कवर किया जाएगा। इस उत्सव में जनता अकेली नहीं होगी, 'सच बेधड़क' न्यूज चैनल का नया अंदाज भी साथ होगा।

चैनल के इस नए अंदाज की शुरुआत करते हुए 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने कहा कि नव सृजन के बिना सृष्टि का भी निर्माण नहीं होता। जिस तरह जीवन में हर दिन नयापन आता है। जीवन में कई प्रकार के परिवर्तन देखने को मिलते हैं। इसी से जीवन का निर्माण होता है। शर्मा ने कहा कि 'सच बेधड़क' बहुत ही अच्छे अंदाज में राजस्थान में आया है। यह आश्चर्य की बात है कि कम समय में इतना प्यार मिला है। फाउंडर शर्मा ने कहा कि हमने सोचा कि विधानसभा चुनाव किसी न्यूजग्रुप के लिए कुंभ के जैसा होता है। इसकी कवरेज नए और क्रिएटिव अंदाज में हमारे दर्शकों तक पहुंचाई जाए। जनता इस लोकतंत्र के पर्व में अकेली नहीं है। कैसी सरकार हो? प्रतिनिधि कैसा हो? हर पॉइंट पर 'सच बेधड़क' साथ होगा। उन्होंने इस मौके एडिटर न्यूज शान नन्दा की प्रशंसा करते हुए चैनल को नया रूप देने के लिए उनकी टीम को बधाई दी। इस मौके पर केक कटिंग सरेमनी भी की गई। कार्यक्रम के दौरान 'सच बेधड़क' अखबार के संपादक मनोज माथुर, इनपुट एडिटर पंकज सोनी, डिजिटल हैड रवि मीणा, एंकर हैड मेघा कौशिक और ओएसडी मिताली यादव मौजूद रहीं।



### याकूब खान अब सच बेधड़क के साथ

इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट (बिजनेस) के रूप में सच बेधड़क परिवार में शामिल हुए याकूब खान का भी स्वागत किया गया। याकूब खान ने सच बेधड़क के साथ जुड़ने पर कहा कि मैं संस्थान के सीट पर बेस्ट करने का प्रयास करूंगा।

**आर्ट फिएस्टा** तीन दिन राजापार्क स्थित होटल में सजाई जाएगी पेंटिंग्स

## गुरु-शिष्यों ने सजाए खुशियों के रंग

**बेधड़क** | जयपुर

उम्र 8 साल, क्लास 3 और हुनर ऐसा कि बड़े-बड़े शिक्षकों के बीच पेंटिंग बनाकर सबको अचंभित कर दिया। शिक्षक भी उन छोटी-छोटी उंगलियों को चलते देखते रहे। ये थी जयपुर की रोहिनी जोधा, जिन्होंने आर्ट फिएस्टा की ओर से एक प्रयास-गुरु के साथ कार्यक्रम में ड्राइंग और पेंटिंग बनाकर अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में 19 टीचर्स ने अपने टैलेंट को कैनवस पर उतारा। अब यह कला राजापार्क स्थित होटल में जयपुराइट्स के लिए सजाई जाएगी।



### शिक्षक को उचित स्थान मिले

आयोजक कुलदीप निर्वान, रमाकांत खंडेलवाल व सहआयोजक रवींद्र गुप्ता ने बताया कि शिक्षक वह कुम्हार है, जो शिष्य को संवारने में पूर्ण योगदान देता है। इसके बावजूद उन्हें कम ही प्रोत्साहन मिलता है। इसी सोच को मद्देनजर रखते हुए शिक्षक को भी एक कला मंच दिया गया। शिक्षक को भी उनका उचित स्थान मिले इसके लिए एक प्रयास-गुरु के साथ की पहल की गई।

### लाइव पेंटिंग से दी कला को ऊंचाइयां

कार्यक्रम में 17 फिमेल और 2 मेल आर्टिस्ट के साथ 8 साल की रोहिनी ने भी उंगलियों का जादू चलाया। इस दौरान सभी को मोटिवेट करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार द्वारा सम्मानित शिल्प गुरु मोहन लाल सोनी आए तो आर्ट हिस्टोरियम एंड सुप्रिटेंडेंट डिपार्टमेंट ऑफ आर्कियोलॉजी एंड म्यूजियम नीरज त्रिपाठी ने शिरकत की।

## सीसी सड़कों का शिलान्यास



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 129, जोशी कॉलोनी, टोंक रोड पर नगर निगम ग्रेटर के द्वारा पार्षद कोटे से बनाई जा रही सीसी सड़कों का रविवार को विधिवत पूजा करके शिलान्यास किया। स्थानीय पार्षद महेश सैनी बच्चू ने बताया कि जोशी कॉलोनी की सड़कें काफी समय से टूटी हुई थी। स्थानीय लोगों की मांग पर पार्षद कोटे से नगर निगम ग्रेटर के द्वारा सीसी सड़कों का नवीनीकरण कराया जा रहा है, जिसका आज सराफ ने शिलान्यास किया। इस स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सौरभ पारीक, राधाकृष्ण बम, डॉ. टीएन मिश्रा, दिनेश शर्मा, डॉ. मुकेश खंडेलवाल, वाईके काला, तेजिंदर सिंह, बीडी अग्रवाल, नीरज जोशी, एसआर शुक्ला, राजेन्द्र शर्मा, अविनाश खतिरिया, हरीश खड़िया एवं अन्य उपस्थित थे।

## जयपुर चैप्टर का गठन

**बेधड़क. जयपुर।** विप्र फाउंडेशन के प्रमुख व्यवसायी प्रकल्प विप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (विक्की) का गठन किया गया। अध्यक्ष आरपी शर्मा, उपाध्यक्ष संजीव सुरोलिया, कोषाध्यक्ष राजेश सारस्वत और मंत्री सुनील गौड़ सहित टीम को शपथ दिलवाई गई। मुख्य आतिथि सीनियर आरएएस पंकज ओझा, विशिष्ट अतिथि पीएन शर्मा (जॉइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज), राजीव कश्यप (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीसीसीआई) थे। समारोह में विप्र फाउंडेशन जोन 1 के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक उमेश तिवाड़ी, जोन1 के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल भी मौजूद रहे।

## नशे के दुष्परिणाम बताए



**बेधड़क. जयपुर।** नव विकल्प नशामुक्ति संस्थान की ओर से सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के सहयोग से जयपुर में नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के अंतर्गत संस्था की ओर से शास्त्री नगर में नशा विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष हरीश भूटानी ने उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी। क्षेत्र के पार्षद शिवकुमार सोनी ने कहा कि आज समाज में नशे की समस्या बढ़ती ही जा रही है और इसके लिए सभी को मिल कर प्रयास करने होंगे।

## साहित्यकारों का होगा सम्मान




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी तीन साहित्यकारों को पुरस्कृत करेगी और ब्रजभाषा साहित्य सर्जन के क्षेत्र में अतुल्य योगदान के लिए पांच साहित्यकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण शर्मा एवं सचिव गोपाल लाल गुप्ता ने बताया कि महाकवि सोमनाथ काव्य पुरस्कार एवं ब्रजभाषा गद्य पुरस्कार प्राप्तकर्ता को 51–51 हजार रुपए तथा 35 वर्ष से कम आयु वर्ग में पंडित युगल किशोर चतुर्वेदी युवा लेखक पुरस्कार में 31 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। रचनाकार प्रतियोगिता के विजेताओं को 12 सितंबर को अकादमी संकुल सभागार में एक लाख से अधिक राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर अकादमी की त्रैमासिक पत्रिका ब्रजशतदल, बीकानेर निवासी प्रमिला गंगल की बाल कविताओं पर आधारित ब्रजभाषा बालकाव्य संग्रह तथा भरतपुर के शिक्षक नरेंद्र निर्मल के मोनोग्राफ का विमोचन भी किया जाएगा।

## यू जीनियस प्रतियोगिता आज

**बेधड़क. जयपुर।** यूनियन बैक ऑफ इंडिया की ओर से 4 सितंबर को आठवीं से बारहवीं के स्टूडेंट्स के लिए राष्ट्रीय स्तर की सामान्य जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता यू जीनियस-2023 का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए सुबह 9 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे। प्रत्येक संस्थान से दो-दो विद्यार्थियों की चार टीमें (कुल आठ विद्यार्थी) प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का एक प्रेलिमिनरी राउंड होगा, जिसके आधार पर सिटी फाइनल राउड के लिए सर्वोच्च टीमें चुनी जाएंगी। सिटी फाइनल राउंड के लिए एक संस्थान से केवल एक टीम का चयन किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपने स्कूल का फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा।

## प्रकृति से जुड़ने का संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** जन चेतना मंच के तत्वाधान में रविवार को साइकिल रैली निकाल कर लोगों को प्रकृति से जुड़ने का संदेश दिया गया और साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरुक किया। रैली को सोडाला कोऑपरेटिव कॉलोनी के महाराणा प्रताप पार्क से रिटायर्ड अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विक्रम सिंह तंवर एवं 90 वर्षीय साइकिलिस्ट देवी दयाल अग्रवाल ने हारी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंच के महासचिव दिनेश खत्री ने बताया कि रैली से पूर्व पार्क में मोली बंधन बांधकर पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

## यात्रा पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** नायकी माता यात्रा व विकास समिति की ओर से सप्तम यात्रा 10 सितंबर को जाएगी। यात्रा के पोस्टर का रविवार को विमोचन नायकी माता के मंदिर प्रांगण में पं. विष्णु, जुगल किशोर माथुर, जगदीश माथुर, राजेंद्र नेहवारिया, अवध बिहारी खिलचीपुर वाले, युगल किशोर नेहवारिया ने किया। यात्री 10 सितंबर को जयपुर से बसों से नायकी पहुंचेंगे। वहां शिव मंदिर पर झंडे की पूजा अर्चना कर यात्री भजन गाते हुए माता के मंदिर पहुंचेंगे। वहां भजन कार्यक्रम और महाआरती के बाद भंडारा होगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 04 सितंबर, 2023





पूरा जीवन एक अनुभव है, आप जितने अधिक प्रयोग करते हैं, उतने ही बेहतर बनते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## ताइवान में 'हाइकुई' तूफान: कार्यालय, परिवहन सेवा और स्कूल बंद





*बीजिंग। ताइवान में तूफान 'हाइकुई' को देखते हुए रविवार को कार्यालय, स्कूल, खुले में होने वाले कार्यक्रमों, हवाई यातायात, रेल परिवहन और नौका सेवाओं को बंद किया गया है। अधिकारियों ने कामगारों से घर पर रहने की अपील की है। तूफान 'हाइकुई' के असर से ताइवान के कई इलाकों में भारी बारिश हुई और तेज हवा चल रही है। इसके अलावा हांगकांग और मकाओ के लिए हवाई सेवाओं के साथ-साथ दर्जनों घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। द्वीप के मौसम विज्ञान ब्यूरो के अनुसार तूफान के असर से अधिकतम 137 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलती रही।*

### रूस की चेतावनी: रूस के विचारों को दर्शाया जाए

# नहीं तो हम रोक देंगे जी-20 घोषणापत्र: सर्गेई लावरोव

**एजेंसी** | मॉस्को

जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने भारत आ रहे रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने खुली चेतावनी दी है। लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि रूस इस महीने के जी20 समिट के घोषणा पत्र को रोक देगा अगर उसके विचारों को नहीं दर्शाया गया। रूस जी-20 शिखर सम्मेलन की अंतिम घोषणा पत्र को तब तक रोकेगा जब तक कि यह यूक्रेन और अन्य संकटों पर मॉस्को की स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं किया जाता।

पुतिन ने भारत में नौ से 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता जताई है। रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। यूक्रेन में युद्ध अपराधों के संदेह में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने मार्च में पुतिन के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुतिन के विदेश यात्रा करने की जानकारी नहीं है।



### हमारी स्थिति प्रतिबिंबित होनी चाहिए

लावरोव ने प्रतिष्ठित मॉस्को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस में छात्रों से कहा, "अगर हमारी स्थिति प्रतिबिंबित नहीं होती है तो सभी सदस्यों की ओर से कोई सामान्य घोषणा नहीं की जाएगी।" रूस यूक्रेन युद्ध को 'अहंकारी पश्चिमी देशों' के साथ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में पेश करता है, जिसके बारे में पुतिन का कहना है कि वह रूस को खत्म करना चाहते हैं और उसके विशाल प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा करना चाहते हैं।

### यूक्रेन युद्ध के अलावा सभी मुद्दों पर सहमति

लावरोव ने कहा कि पश्चिम ने शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए बैठकों में यूक्रेन का मुद्दा उठाया था, जिस पर रूस ने जवाब दिया था कि "हमारे लिए यह मुद्दा बंद हो गया है।" इससे पहले रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन युद्ध के अलावा सभी मुद्दों पर जी20 देशों के बीच आम सहमति है और इस विवादास्पद विषय को नेताओं के बयान के मसौदे से हटा दिया जाना चाहिए ताकि अगले सप्ताह समूह के शिखर सम्मेलन में इसके जारी होने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

### पाकिस्तान: काकर ने नौ मई की हिंसा पर की टिप्पणी...

# 'तख्तापलट की कोशिश'

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों द्वारा नौ मई को की गई हिंसा को 'तख्तापलट और गृहयुद्ध का प्रयास' करार दिया है। स्थानीय मीडिया की खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गई। हालांकि, काकर ने इस बात से इनकार किया कि हिंसा के आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करने के पीछे बदला लेने का मकसद है।

अर्धसैनिक बल रेंजर्स द्वारा इमरान खान की गिरफ्तारी किए जाने के बाद नौ मई को हुई हिंसा के दौरान रावलपिंडी में सेना मुख्यालय सहित दर्जनों सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी इमारतों पर हमला कर दिया गया था।

काकर ने मीडिया साक्षात्कार में कहा, 'नौ मई को हुई आगजनी और गुंडागर्दी को पूरी दुनिया ने देखा और इसे त्रासदी बताया। इस तरह की छल योजना किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।' उन्होंने यह कहा कि 9 मई की हिंसा 'तख्तापलट और गृहयुद्ध का प्रयास था', जिसका निशाना सेना के सेना प्रमुख और उनकी टीम थी।



### जमानत अर्जियों पर सुनवाई स्थगित

पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने गोपनीय दस्तावेज को सार्वजनिक करने से संबंधित एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी की गिरफ्तारी के बाद की जमानत अर्जियों पर सुनवाई स्थगित कर दी है। अदालत ने इसके अधिकार क्षेत्र को चुनौती देने वाली याचिका पर आईएचसी द्वारा फैसला सुनाए जाने तक सुनवाई स्थगित की है।

### हिंसा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जरूरी

काकर ने कहा कि सरकार यह धारणा नहीं बनाना चाहती कि नौ मई की हिंसा के आरोपियों से बदला लिया जा रहा है। अगर देश के कानूनों का उल्लंघन करने वालों और हिंसा का सहारा लेने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो 'हमें इस मामले में एक पक्ष के रूप में देखा जाएगा।' इस हिंसा में कथित तौर पर संलिप्तता पाए जाने पर इमरान खान के सैकड़ों समर्थकों को गिरफ्तार किया गया था। इमरान अभी जेल में हैं।

### सिंगापुर: भारतीय मूल के दो मंत्रियों ने आरोप लगने पर उठाया कदम

# पीएम के भाई के खिलाफ ठोका मुकदमा

**एजेंसी** | सिंगापुर

सिंगापुर में भारतीय मूल के दो मंत्रियों ने दो सरकारी बंगलों के लिए बाजार मूल्य से कम किराया देने के आरोपों पर पीएम ली सीन लूंग के छोटे भाई ली सीन यांग पर मानहानि का मुकदमा कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार सिंगापुर की अदालत की वेबसाइट पर जारी



सुनवाई सूची के अनुसार, इस मामले में सुनवाई मंगलवार को सुबह नौ बजे होगी। कानून एवं गृह मामलों के मंत्री के षणमुगम और विदेश मामलों के मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने जुलाई में ली सीन यांग को नोटिस भेजा था, जिसमें कहा गया था कि अगर वे माफी नहीं मांगते, अपने आरोप वापस नहीं लेते और रिडआउट रोड पर स्थित औपनिवेशिक काल के बंगलों से संबंधित नुकसान की भरपाई नहीं करते तो उनके खिलाफ मुकदमा किया जाएगा।

षणमुगम ने कहा कि यांग ने उन पर और बालाकृष्णन पर भ्रष्ट आचरण व व्यक्तिगत लाभ लेने का आरोप लगाया था, जो गलत है। वे पुश्तैनी घर को बेच रहे थे, इसीलिए संपत्ति किराए पर ली, न कि लाभ कमाने के लिए।

### रूस ने न्यूक्लियर मिसाइल की तैनात

**मॉस्को।** रूस ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल की तैनाती कर दी है, जिसे लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल काफी बढ़ गई है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख ने शुक्रवार को इस तैनाती के बारे में जानकारी दी। इस मिसाइल को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि यह मॉस्को के दुश्मनों को 2 बार सोचने पर मजबूर कर देगी। पुतिन के इस बयान से खलबली मची है।

### ऑस्ट्रेलिया: रियल एस्टेट एजेंट का लाइसेंस निलंबित

# भारतीय को भेजा नस्लवादी मेल

**एजेंसी** | मेलबोर्न

ऑस्ट्रेलिया में पूर्व में किराएदार रहे एक भारतीय को नस्लवादी ईमेल भेजने के आरोप में एक रियल एस्टेट एजेंट का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

ईमेल में महिला एजेंट ने भारतीयों की साफ-सफाई की आदतों की आलोचना की थी और आशा व्यक्त करते हुए लिखा था



कि उनके यहां आने से देश 'भारत जैसी गंदगी' में नहीं बदलेगा। एक ऑस्ट्रेलियाई वेबसाइट की खबर के अनुसार संदीप कुमार को यह ईमेल मई 2021 में उस समय भेजा गया था, जब अग्रिम जमा राशि से सफाई बिल कटाने को लेकर दोनों में विवाद हुआ।

ईमेल न्यायाधिकरण में प्रस्तुत किया गया था। न्यायाधिकरण ने पोलिट को एक सितंबर से आठ महीने के लिए रियल एस्टेट और बिजनेस एजेंट लाइसेंस रखने के लिए अयोग्य माना। पोलिट ने बाद में कुमार से माफी भी मांगी।

### जलवायु परिवर्तन बनेगा कारण

# अगली सदी में मर जाएंगे एक अरब लोग

**एजेंसी** | ओंटारियो

कितना खतरनाक साबित हो सकता है जलवायु परिवर्तन? यह चौंकाने वाला तथ्य यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ओंटारियो में हुए विश्लेषणात्मक अध्ययन में पता चला है। इसमें दावा किया गया है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग का स्तर 2 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है तो अगली एक सदी में एक अरब लोग मारे जाएंगे।

अध्ययन में स्पष्ट रेखांकित किया है कि इस विनाशक स्थिति के लिए ज्यादा अमीर लोग जिम्मेदार होंगे और इसके सबसे अधिक भुक्तभोगी होंगे। शोधकर्ताओं ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि समस्या से निपटने के लिए सरकारों और नीति नियंताओं को आक्रामक ऊर्जा नीतियां अपनानी होंगी।

### आंकड़े अगली पीढ़ी के लिए डरावने

अध्ययन में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण अगले सौ सालों में एक अरब असामयिक मौतें हो जाएंगी। अध्ययन के प्रमुख लेखक जोशुआ पियर्स का कहना कि इतनी बड़ी संख्या में एक साथ मौत तो नहीं होगी, फिर भी आंकड़े अगली पीढ़ी के लिए डरावने हैं। जब जलवायु वैज्ञानिक अपने प्रतिमान चलाते हैं तो वे ज्यादा चिंताजन आंकड़े देने से बचते हैं और इस अध्ययन में ऐसा करने पर भी शोधकर्ताओं को ऐसे आंकड़े मिले हैं।



### कम हो कार्बन का उत्सर्जन

आज भी यह जानते हुए कि कार्बन उत्सर्जन कितना खतरनाक है, तेल और गैस उद्योग वैश्विक कार्बन उत्सर्जन का 40 फीसदी भागीदार है। इस उद्योग अरबों लोग प्रभावित होते हैं, जिनमें दूर दराज और कम संसाधन वाले समुदाय प्रमुख हैं। शोधकर्ताओं ने सरकार, कॉर्पोरेट और नागरिकों से अनुरोध किया है कि उन्होंने कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए तुरंत प्रभावी आक्रामक ऊर्जा नीतियां अपनी चाहिए।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl